हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, गुरुवार 28 अगस्त 2025



# बाजे-गाजे के साथ पंडालों और घरों में विराजे गणनायक, गूंजा गणपति बप्पा मोरया, सर्वाधिक मूर्तियां बालरूप पर आधारित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

श्रीगणेश चतुर्थी के अवसर पर बुधवार को शहर सहित ग्रामीण इलाकों में घर-घर एवं पूजा पंडालों में भगवान विघ्नहर्ता की प्रतिमाएं विधि-विधान से स्थापित की गई। इस मौके पर बाजे-गाजे एवं जयकारों का माहौल रहा।

अंचल में श्री गणेशोत्सव की धूम बुधवार से प्रारंभ हो गई है। श्रीगणेश चतुर्थी को भगवान श्रीगणेश की प्रतिमाएं स्थापित कर पूजा-अर्चना प्रारंभ कर दी गई है। पर्व को लेकर अंचल में श्रद्धा-भक्ति का माहौल है। संस्कारधानी में अपनी परंपरानुसार श्रीगणेशोत्सव मनाया जा रहा है। कई पूजा समितियों द्वारा पूर्व में ही श्रीगणेश मूर्तियों को मूर्तिकारों के यहां से बाजे-गाजे के साथ पूजा पंडालों में लाया जा चुका था। बुधवार सुबह से देर शाम तक लोग घर व पूजा पंडालों के लिए देवा की एक से बढ़कर एक मूर्तियां बाजे-गाजे के साथ विविध साधनों से पूजा स्थल ले गए, जहां पंडितों द्वारा विधि-विधान से मूर्ति की स्थापना कराई गई। पर्व के चलते बाजार में सुबह से देर शाम तक बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति मूर्तियां व पूजा सामग्री सजावट के सामान लेने बनी रही।

ज्ञात हो कि इस वर्ष गणेश चतुर्थी पर विशेष संयोग बने हैं। गणपति के प्रिय दिन बुधवार को हस्त नक्षत्र में तुला का चंद्रमा गोचर कर रहा है। साथ ही आनंद योग, सर्वार्थ सिद्धि योग, रोग विमुक्त योग और रवि योग का विशेष संयोग बना है।

**हरिभूमि ब्यूरो कार्यालय में स्थापना**

हरिभूमि जिला कार्यालय में बुधवार को दोपहर विधि-विधान के साथ भगवान श्रीगणेश की प्रतिमा स्थापित की गई है। विधि विधान से हुए स्थापना अवसर पर जिला कार्यालय में हरिभूमि के स्टाफ मौजूद रहे।







### महाप्रसादी सहित होंगे भंडारा

ज्ञात हो कि संस्कारधानी में पूजा समितियों द्वारा पूजा पंडालों का आकर्षक बनाकर आसपास के इलाके में भी व्यापक साज-सजावट की गई है। वहीं एक से बढ़कर एक छोटी-बड़ी मूर्तियां स्थापित की गई है। कई समितियों द्वारा स्थापना स्थल के पास आकर्षक झांकिया भी निर्मित की गई है। पूरे पर्व के दौरान विविध धार्मिक एवं समाजिक कार्यक्रमों के अलावा महाप्रसादी भंडारे का भी नियमित रूप से आयोजन किए जाने की तैयारियां कई समितियों द्वारा की जा रही है।

## गणेश स्थापना के दिन पुलिस-प्रशासन को आई पंडाल की याद, हटवाने पहुंचे अफसरों से जमकर विवाद, समितियों में नाराजगी!

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रदेश के साथ ही देशभर में अपने गणेश उत्सव को लेकर प्रख्यात संस्कारधानी में अब गणेश का पर्व भी समितियों को प्रशासन के अनुसार मनाए जाने पर मजबूर होना पड़ रहा है, जहां साउंड सिस्टम और झांकी के रूट को लेकर समितियों ने पहले ही प्रशासन की बात मान ली है। अब पुलिस प्रशासन समितियों को पंडाल के स्थान को लेकर भी आपत्ति करने लगा है। हालात यह है कि पिछले तीन-चार दिन से तैयार होने वाले गणेश पंडाल में बदलाव कराने पुलिस का बल 27 अगस्त को सड़क पर उतरा।

तीज की छुट्टी में व्यस्त जिला एवं पुलिस महकमा शायद यह भूल गया था कि बुधवार को ही गणेश मूर्तियों की स्थापना भी की जा रही है। यही कारण है कि जब पुलिस की टीम सड़क पर समितियों के पास पंडाल की साईज को लेकर शिकायत लेकर पहुंची तो समितियों से अफसरों की जुबानी विवाद की स्थिति भी निर्मित हुई। हालात यहां तक पहुंच गए थे कि समितियों के लोग विरोध प्रदर्शन की तैयारियों में जुट गए थे। शहर के जनप्रतिनिधियों के पास भी लोगों की पुलिस के इस कृत्य को लेकर शिकायतें पहुंचने लगी। जिसके बाद अफसरों ने भी मामले में शिथिलता अपनाई और समितियों से बीच का रास्ता निकालकर उन्हें स्थापना की अनुमति दी।

### सड़क से पंडाल हटवाने पहुंचे थे अफसर



### भाजपाईयों में नाराजगी

जिला एवं पुलिस प्रशासन के अफसरो द्वारा ऐन गणेश उत्सव के पहले दिन सड़को से पंडाल हटाए जाने की कार्यवाही किए जाने से नाराज समिति के सदस्यो ने भाजपा नेताओं से इस आशय की शिकायत की। सूत्रो ने बताया कि महापौर मधुसूदन यादव, छग पर्यटन आयोग के अध्यक्ष नीलू शर्मा और जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने इस मामले में प्रशासन के अधिकारियो से चर्चा भी की।

### चार दर्जन से अधिक बड़े पंडाल

शहर में हर साल विसर्जन झांकियों के साथ ही गणेश स्थापना पंडाल का आकर्षण भी बढ़ता जा रहा है। इस बार भी शहर में ही करीबन चार दर्जन विशाल पंडाल सड़कों पर बनाए गए हैं। इन पंडालों में 10 से 17 फीट उंचाई तक की मूर्तियां स्थापित की जा रही है। बुधवार को दिनभर शहर में गाजे-बाजे के साथ स्थापना का दौर चलता रहा।

### साउंड सिस्टम को लेकर भी विवाद

एक ओर जहां शहर में सालभर विभिन्न आयोजन एवं अन्य धार्मिक त्यौहारों में बिना किसी रूकावट के साउंड सिस्टम को बजाने दे दिया जाता है। वहीं हर साल गणेश पर्व आने से ठीक पहले पुलिस-प्रशासन साउंड सिस्टम को लेकर सजग हो जाता है। शहर में भी लोगों में पुलिस-प्रशासन के इस रूख से काफी नाराजगी है। लोगों का कहना है कि जब गणेश पर्व में साउंड सिस्टम पर इतनी मॉनिटरिंग की जाती है तो पुलिस-प्रशासन को सालभर वहीं नियम के अनुसार कार्रवाई करना चाहिए।

### खबर संक्षेप

**दो शिक्षक व रसोइया की आकस्मिक मौत**

**मोहला।** जिले के ग्राम आमाटोला, बाघनारा में पदस्थ अध्यापक की आकस्मिक निधन हो गया। मंगलवार को अंबागढ़ चौकी विकासखंड में पदस्थ दो अध्यापकों की आकस्मिक निधन की खबर के साथ कौड़ीकसा कन्या प्राथमिक शाला की रसोईया की भी मौत हो गई है। जानकारी के मुताबिक पालसिंह साहू सहायक शिक्षक एलबी शा.प्रा. शाला आमाटोला व थानसिंह भुआर्य प्रधान पाठक प्राथमिक शाला बाघनारा व कौड़ीकसा कन्या प्राथमिक शाला की रसोईया प्रमिलाबाई का मंगलवार को आकस्मिक निधन हो गया है।




## मेडिकल कॉलेज में 11 करोड़ की सीटी स्कैन मशीन दो महीने से डंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अपनी कीमत को लेकर सुर्खियों में बनी हुई मेडिकल कॉलेज अस्पताल के लिए खरीदी गई सीटी स्कैन मशीन पिछले एक महीने से अस्पताल में ही डंप पड़ी हुई है। कीमत से दोगुने दाम में खरीदी गई इस मशीन को अब तक शुरू नहीं किया जा सका है। ऐसे में आम लोगों को अब भी निजी डायग्नोस्टिक सेंटरों में जाने मजबूर होना पड़ रहा है। प्रबंधन की माने तो इस मशीन को जब टेस्टिंग के लिए ही शुरू किया गया था, तब भी बिजली सप्लाई बिगड़ गई थी।

ज्ञात हो कि लगभग दो महीने पहले जब इस मशीन की खरीदी कर इसे जिले में भेजा गया था, तब बताया गया था कि प्रदेश की यह पहली 128 स्लाइस वाली सीटी स्कैन मशीन है। इस तरह की मशीन प्रदेश के अन्य मेडिकल कॉलेज और सरकारी अस्पताल में कहीं नहीं होने का दावा किया जा रहा है। मेडिकल कॉलेज अस्पताल में सीटी स्कैन मशीन की सुविधा मिलेगी। मशीन की खासियत है कि एडवांस मॉडल होने से मरीजों की छोटी सी छोटी तकलीफ एवं बीमारी जो अन्य सीटी स्कैन मशीनों से पकड़ में नहीं आती, वह भी आसानी से सामने आएगी। मरीजों को निजी अस्पतालों में नहीं जाना पड़ेगा। मेडिकल स्टूडेंट्स को भी इसका फायदा मिलेगा। लंबे समय से इस मशीन को लेकर मांग की जा रही थी, अब जब मशीन की खरीदी की गई तो उसकी कीमत को लेकर सवाल उठ रहे हैं।

### बिजली लोड भी एक समस्या, उपाए पर काम जारी



### अलग से ट्रांसफार्मर की पड़ेगी जरूरत

बताया गया कि सीटी स्कैन मशीन के सुचारू रूप से संचालन के लिए अलग से ट्रांसफार्मर की आवश्यकता पड़ेगी। प्रबंधन को भी पीडब्ल्यूडी की तरफ से इसकी जानकारी पहले ही दी जा चुकी है। प्रबंधन से मिली जानकारी के अनुसार सीटी स्कैन मशीन के लिए 120 केवी लोड की जरूरत है। वहीं एमआरआई मशीन के लिए 220 केवी की आवश्यकता होगी। ऐसे में पांच सौ केवी का ट्रांसफार्मर लगाया जाएगा।

### जल्द शुरूआत की उम्मीद

अस्पताल प्रबंधन से मिली जानकारी के अनुसार इंस्टॉलेशन का काम लगभग पूरा हो चुका है। बिजली सप्लाई को लेकर काम किया जा रहा है। नया ट्रांसफार्मर लगने तक अस्थाई उपाय पर काम किया जा रहा है। ऐसी उम्मीद जताई जा रही है कि आने वाले दिनों में सीटी स्कैन मशीन के संचालन की शुरूआत कर ली जाएगी।

### इंस्टॉलेशन में देरी पर उठे सवाल

मेडिकल कॉलेज अस्पताल में करीब 11 करोड़ रुपए की लागत से नई हाईटेक मॉडल की सीटी स्कैन मशीन जिले में 20 जून को पहुंच चुकी है। इंजीनियरों की टीम इसे इंस्टॉल करेगी। इसे इंस्टॉल करने में 2 से 3 माह का समय लगने की बात कही गई थी। जबकि आम तौर पर एक से डेढ़ महीने में ही नई मशीन का संचालन शुरू हो जाता है, लेकिन जिले में इसका काम धीमी रफ्तार से चल रहा है।

## स्कूल मैदान की ऐसी दुर्दशा दिन में जल रही लाइट, मवेशी चर रहे घास

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

खिलाड़ियों को प्राकृतिक घास का मैदान देने के लिए शहर के म्युनिसिपल स्कूल मैदान में लगभग 34 लाख रुपए की लागत से घास लगाई गई थी। इसके बाद मैदान की सुरक्षा व्यवस्था, देखरेख का अभाव होने के चलते यहां ना घास बचा, न खेलने लायक मैदान। इस मैदान को संवारने के चक्कर में इसकी दुर्गति कर दी गई।

राजा सर्वेश्वर दास म्युनिसिपल हाईस्कूल का यह मैदान अपने आप में ऐतिहासिक मैदान है। इस मैदान से कई राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी निकल चुके है। यहां अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता से लेकर राष्ट्रीय पर्व के मुख्य समारोह का आयोजन होते रहे हैं। यहां छत्तीसगढ़ जन महोत्सव के कार्यक्रम में उदित नारायण, सुखविंदर सिंह, जावेद अली जैसे प्लेबैक सिंगर से लेकर नवोदित कलाकार भी अपनी प्रस्तुति देकर ख्याति पा चुके हैं। यह चट मैदान कई राजनीतिक आयोजनों का साक्षी भी रहा है। इस मैदान में पूर्व प्रधानमंत्री अटल विहारी वाजपेई से लेकर वर्तमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तक अपनी सभाएं कर चुके हैं, लेकिन अब यह मैदान राजनीतिक सभाओं के लायक नहीं रहा है। मैदान की हालत ऐसी कर दी गई है कि यह खिलाड़ियों के काम भी नहीं आ रहा है।





### चारागाह बना मैदान

म्युनिसिपल स्कूल के इस ऐतिहासिक मैदान में 34 लाख के घास की स्थिति मैदान की हालत देखकर समझा जा सकता है। वहीं मैदान की सुरक्षा व्यवस्था भी शून्य है। मैदान के भीतर मवेशी घुसकर थोड़ी बहुत बची घास भी चट कर रहे हैं। यह मैदान मवेशियों का चारागाह बनता जा रहा है।

### दिन में जल रही लाइट

*इस मैदान को संवारने के बजाय प्रशासन ने मैदान की दुर्गति कर दी है। इस मैदान के रखरखाव की व्यवस्था नहीं है। वहीं मैदान में लगा हाईमास्क लाईट भी दिन में जलता रहता है, जिसे बंद करने* वाला भी कोई नहीं है। मैदान के भीतर लोग अपनी चार पहिया वाहन खड़ी कर देते हैं।

### पांच-पांच सौ के नोटों का बंडल हुआ गायब, पुलिस में की शिकायत

## प्रतिमा लेने पहुंचे बुजुर्ग से 65 हजार रुपए की उठाइगिरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के जिला सहकारी बैंक के सामने फ्लाई ओवर के नीचे गणेश प्रतिमा लेने पहुंचे एक बुजुर्ग से उठाईगिरी का मामला सामने आया है। अज्ञात आरोपी द्वारा बुजुर्ग के जेब से रुपए साफ कर दिए गए। शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत हुए इस वारदात के बाद पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी हुई है।

शहर के प्रिंसेस अपार्टमेंट में रहने वाले लगभग 72 वर्षीय दिलीप पुजारा अपने ड्राईवर के साथ दोपहर लगभग 01 बजे गणेश प्रतिमा लेने फ्लाई ओवर के नीचे स्थित दुकानों में पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने गणेश प्रतिमा लेने के बाद दुकानदार को अपनी पैंट के पीछे जेब से रुपए निकालकर दिए। इस जेब में उन्होंने पांच-पांच सौ के दो अलग-अलग बंडलों में 65 हजार रुपए रखा हुआ था। गणेश प्रतिमा लेने के दौरान उन्होंने दुकानदार को 500 रुपए का अधिक भुगतान कर दिया था, तो दुकानदार ने रुपए गिनकर 500 रुपए वापस लौटाये। इसके बाद बुजुर्ग 500 का नोट वापस अपनी जेब में डालने हाथ डाले तो जेब से नोटों का बंडल गायब था। इसके बाद उन्होंने आसपास देखा, मगर उन्हें कुछ समझ नहीं आया, तो मामले की शिकायत पुलिस से कर दी।



### मामले की जांच में जुटी पुलिस

इधर वारदात की सूचना मिलने पर मौके में पुलिस टीम ने आसपास जांच पड़ताल की। दुकानदार सहित अन्य लोगों से पूछताछ किया गया, मगर आरोपी का पता नहीं चल पाया। अज्ञात आरोपी द्वारा भीड़ का फायदा उठाकर उक्त वारदात को अंजाम दिया गया है।

### पलभर में हुई वारदात

बुजुर्ग दिलीप पुजारा ने बताया कि उन्होंने दो दिन पहले ही 65000 अपने बैंक अकाउंट से निकले थे। उक्त रुपए उन्हें किसी अन्य व्यक्ति को देने थे। जिसके लिए वह पैसा अपने पास रखे हुए थे। उन्होंने बताया कि भीड़ में उन्हें एक धक्का लगा और पलभर में अज्ञात आरोपी ने जब से रुपए निकाल लिए।

### सुरक्षा व्यवस्था नदारद

गणेश प्रतिमा बिक्री स्थल पर सुरक्षा के कोई इंतजाम नहीं है। यहां पर प्रतिमा बेचने वालों को पंडाल का दुकान बनाकर दे दिया गया। सुरक्षा की दृष्टिकोण से सीसीटीवी कैमरे नहीं लगाए गए हैं। यहां पुलिस का भी कोई जवान तैनात नहीं है। इसके अलावा चिकित्सा सुविधा, पेयजल व्यवस्था भी नदारद है।

गायत्री प्रा. आई.टी.आई
ITI RAJNANDGAON
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)
गायत्री एजुकेशन कैम्पस, ग्राम पदुमतरा जिला - राजनांदगांव
81090-28740 • 89595-44444

**खबर संक्षेप**

### सेवादल ने मनाई हार्डीकर की पुण्यतिथि



**डोंगरगढ़।** कांग्रेस सेवादल ने गत दिनों संस्थापक डॉ नारायण सुब्बाराव हार्डीकर की पुण्यतिथि मनाया। प्रदेश कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष अरुण ताम्रकार के निर्देशानुसार जिला अध्यक्ष ग्रामीण जितेन्द्र सिंह भाटिया की अगुवाई में यह आयोजन किया गया। ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष विजयराज सिंह आदि ने डॉ नारायण सुब्बाराव हार्डीकर के जीवन, आदर्शों को याद किया। इस मौके पर जितेंद्रसिंह भाटिया, संजीव गुप्ता, दुलीचंद बडोले, गणपत रजक, विजयराज चौहान, शिशुपाल भारती, हरीश भंडारी, रिम्मी भाटिया, प्रकाश महानदी, प्रशांत कांडे, युवराज सेन, शत्रुघ्न सिन्हा, संतोष सिन्हा, योगेश सेन, नीरज पटेल, छगन साहू मौजूद थे।

### मां शैलपुत्री की पूजा



**डोंगरगढ़।** पोला के दूसरे दिन से पोढाडोंगरी में विराजमान मां शैलपुत्री की पूजा अर्चना किया गया। इस मौके पर ग्रामीणों ने कबड्डी प्रतियोगिता भी रखा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत सभापति अनिता मंडावी ने विजेता टीमों को विनर कप देकर सम्मानित किया। इस दौरान श्रीमती मंडावी विकास के लिए जो संभव होगा वह करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में धरम उईके, तिलका बाई, गणेश्वर मंडावी, उमेद पटौदी, कीर्तन आदि मौजूद थे।

### केंद्रीय मंत्री व सांसद का जताया आभार



**सड़क अतरिया।** पूर्व विधायक कोमल जंघेल ने लखनादौन से रायपुर तक फोरलेन सड़क की स्वीकृति के लिए केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गड़करी एवं सांसद संतोष पांडे का आभार व्यक्त किया है। सांसद पांडे की अनुशंसा से लखनादौन से रायपुर तक 22, किमी लंबी फोरलेन सड़क का निर्माण 10 हजार करोड़ की लागत से किया जाएगा। यह सड़क छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश को जोड़ने वाली ग्रीनफिल्ड एक्सप्रेस वे होगी जिसका जिसका सर्वाधिक लाभ जिले को मिलेगा। केंद्रीय मंत्री श्री गडकरी गत दिनों नागपुर में लोधी समाज के कार्यक्रम में पहुँचे थे इसी दौरान पूर्व विधायक कोमल जंघेल ने मुलाकात कर आभार ज्ञापित किया।

### पर्वाधिराज महापर्व आज से

**डोंगरगांव।** दिगंबर जैन समाज का पर्यूषण महापर्व कल 28 अगस्त से आरंभ हो रहा है। शहर में भी आत्मकल्याण का पर्व श्रमण संस्कृति के उन्नायक आचार्य प्रवर श्री 108 विद्यासागर महाराज, नवाचार्य श्री 108 समयसागर की शिष्या आर्यिका श्री 105 श्वेतमती माता, आर्यिका श्री 105 विदेहमति माता के सानिध्य में कल 28 अगस्त से 6 सितंबर तक मनाया जाएगा। इस दौरान प्रतिदिन प्रातः 5 बजे से 5:45 तक मंगल प्रार्थना, मेरी भावना एवं ध्यान, प्रातः 6.30 से 8 बजे तक अभिषेक, शांतिधारा, प्रातः 8 बजे से 9.30 बजे तक संगीतमय पूजन, प्रातः 9.30 से 10 बजे तक प्रवचन, दोपहर 12 बजे सामयिक, दोपहर 2.30 बजे तत्त्वार्थ सूत्र वाचन, सूत्रों का विश्लेषण, शाम 5.30 से 6.30 बजे तक आचार्य भक्ति एवं प्रतिक्रमण, शाम 6.30 से 7.30 बजे तक सामयिक, रात्रि 7.30 से 8.30 बजे तक आरती, रात्रि 8.30 से 9.30 तक चंद्रगिरि की बहनों द्वारा दशलक्षण धर्म पर प्रबोधन, रात्रि 9.30 से 11.30 बजे तक सांस्कृतिक एवं भक्ति कार्यक्रम होगा।

स्थापना के साथ पूजा-अर्चना का दौर शुरू

# चतुर्थी को श्रद्धा के साथ पंडाल और घरों में स्थापित किए गए गणपति

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

बुधवार से शहर और अंचल में गणेश महोत्सव शुरू हो गया। है। यह पर्व आगामी 6 सितंबर को अनंत चतुर्दशी तक मनाया जाएगा। गणेश चतुर्थी के दिन गणेश प्रतिमा को शहर से विभिन्न साधनों से ले जाने का क्रम शुरू हो गया था। शहर और गाँवों की समितियां बाजे गाजे के साथ प्रतिमा को ले जाकर पंडालो तथा घरों में स्थापित किया। पर्व को लेकर शहर में दिनभर चहल पहल रही। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इस 10 दिवसीय महोत्सव में गणेश प्रतिमा की पूजा करना अत्यंत शुभ और फलदायी माना गया है।

### शुभ मुहूर्त में स्थापना

वैदिक पंचांग के अनुसार भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि 26 अगस्त को दोपहर 1:53 बजे से 27 अगस्त को दोपहर 3:43 बजे तक थी। उदिया तिथि के आधार पर गणेश चतुर्थी का पर्व 27 अगस्त को मनाया गया। इस दौरान गणपति स्थापना करने के लिए मुहुर्त 27 अगस्त को सुबह 11.1 बजे से दोपहर 1.40 बजे तक और इसके बाद दोपहर 1.39 बजे से शाम 6.5 बजे तक था। शुभ मुहूर्त पर लोगों ने प्रतिमा को विराजमान कर श्रद्धा के साथ पूजा अर्चना किया।



### पंडालों में विराजे गणेश जी

**खड़गांव।** गणेश चतुर्थी के मौके पर गांव के विभिन्न स्थानों पर भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित किया गया। समितियों ने गाजे बाजे और आतिशबाजी के साथ प्रतिमा को पंडाल तक लाया। ग्राम के लगभग वार्ड पर प्रतिमा स्थापित की गई है। कहीं छोही मूर्ति है तो कहीं लगभग दस फीट ऊंची की मूर्ति रखी गई है। समितियों द्वारा आगामी दिनों विविध आयोजन किया जाएगा जिसकी तैयारी की जा रही है। कुछ समितियां झांकी की तैयारी में जुटी है। कुछ समितियां भंडारा कराने के प्रयास में है।



### मूर्ति स्थापना के साथ पौध संरक्षण का संकल्प

**ठेलकाडीह।** गणेश पर्व को प्रकृति से जोड़ते हुए तेजस्वी शिक्षा एवं सेवा समिति ने निःशुल्क पौध वितरण कर संरक्षित रखने का संकल्प दिलाया। संस्था अलग-अलग प्रजाति के करीब 100 पौधों का विरतण गणेश चतुर्थी को किया गया। राजनांदगांव जनपद सीईओ मनीष साहू ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि धार्मिक आयोजनों को पर्यावरण से जोड़ना प्रेरणादायी है। संस्था के तेजस्वी वर्मा ने बताया कि अब वह गांवों के गणेश पंडालों में जाकर सदस्यों को पौध वितरण करेंगे। यह अभियान पूरे पर्व तक चलेगा। पौध वितरण के दौरान राहुल जेमा, देवचंद, कुसुम साहू, कुंदन जंघेल, दीपक वर्मा, राजेश साहू, डाकेश्वर सहित अन्य उपस्थित थे।




# सामुदायिक भवन व रोड निर्माण का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



वार्ड विकास की कड़ी में कृष्ण जन्माष्टमी अवसर पर वार्ड नं. 3 मोतीपुर में अधोसंरचना मद अंतर्गत 5 लाख रुपए की लागत से यादव समाज भवन विस्तार, 7 लाख रुपए की लागत से बाई बाड़ा में सामुदायिक भवन निर्माण एवं 5 लाख रुपए की लागत से आजाद चौक में सामुदायिक भवन निर्माण के अलावा 6 लाख रुपए की लागत से गणेशपारा में रोड सीमेंटीकरण के लिए महापौर मधुसूदन यादव ने पार्षदों, सामाजिक बंधुओ एवं वार्डवासियों की उपस्थिति में भूमिपूजन किया।

इस अवसर पर महापौर यादव ने कहा कि विधायक डॉ. रमन सिंह एवं सांसद संतोष पांडे की अनुशंसा पर शासन स्वीकृति अनुसार वार्डों में विकास कार्य कराए जा रहे हैं। इसी कड़ी में कृष्ण जन्माष्टमी के शुभ दिन मोतीपुर में यादव भवन विस्तार करने तथा दो मोहल्ले में सामुदायिक भवन निर्माण एवं रोड निर्माण के लिए भूमिपूजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यादव समाज अब पिछड़ा नहीं रह गया है, भगवान श्रीकृष्ण की कृपा से समाज के लोग विभिन्न क्षेत्रों में उच्च मुकाम हासिल कर रहे हैं। भवन बनने से समाज का विकास नहीं होता, समाज के निम्न वर्ग के लोगों की चिंता करने से समाज का विकास होता है। उन्होंने कहा कि मोतीपुर में अलग-अलग मोहल्ले में भवन बन जाने से विभिन्न आयोजनों के लिए मोहल्ले में ही एक अच्छा स्थान मिल जाएगा।

महापौर यादव ने मोतीपुर में पारस वर्मा, सावन वर्मा, कमलेश बंधे, मनोहर यादव, किशुन यदु की उपस्थिति में भगवान श्रीकृष्ण की पूजा-अर्चना कर भूमिपूजन किया। भूमिपूजन के पूर्व वार्ड के बीएस चौहान, ज्ञानदास मानिकपुरी, नीलू यादव, चंदन वर्मा, दिनेश देवांगन, निपेन्द्र वर्मा, पुकु सिन्हा, सुमेर देवांगन, सुरेन्द्र देवांगन, नंदू देवांगन गोपाल साहू, लखन यादव, भीखम यादव, धरम यादव, देवेन्द्र यादव, मुकेश यादव, रामदयाल पटेल, विश्वनाथ वर्मा, मनहरण देवांगन, मोहन चौहान, रघुनाथ यादव, महेन्द्र यादव, आकाश आदि उपस्थित थे।

# छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव की तैयारी शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव




कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने मंगलवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक ली। कलेक्टर ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव मनाया जा रहा है। छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव का आयोजन तीन चरणों में होगा। उन्होंने कहा कि जिले में सभी विभागों द्वारा विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। महोत्सव अंतर्गत छत्तीसगढ़ की संस्कृति, देशभक्ति गीत, मशाल रैली, डिजिटल तिरंगा प्रतियोगिता, छत्तीसगढ़ लोक नृत्य एवं फूड फेस्टीवल जैसे विभिन्न आयोजन किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि सभी विभागों द्वारा आयोजित गतिविधियों में जनसहभागिता होनी चाहिए तथा जनप्रतिनिधियों को शामिल होना है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव अंतर्गत जिले में आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र बनाने ग्राम पंचायत स्तर पर शिविर लगाए जा रहे हैं। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम पंचायत स्तर पर आवेदन लेकर शिविर के माध्यम से हर पात्र व्यक्ति का आय-जाति एवं निवास प्रमाण पत्र बनाना सुनिश्चित करने की निर्देश दिए।

कलेक्टर ने कहा कि छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव में सभी विभागों की सक्रिय सहभागिता होनी चाहिए। उन्होंने अटल मानिटरिंग डैशबोर्ड की समीक्षा करते कहा कि अटल मानिटरिंग पोर्टल अंतर्गत निर्धारित मापदंड में सुधार करते प्राथमिकता से कार्य करने की जरूरत है। उन्होंने सभी विभागों को निर्धारित मापदंडों के अनुरूप कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कृषि विभाग अंतर्गत एग्रोस्टैक के तहत किसानों के पंजीयन के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने नगरीय निकायों, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, वन विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग सहित अन्य सभी विभागों के कार्यों की समीक्षा की।

कलेक्टर डॉ. भुरे ने कहा कि धरती आबा जनजातिय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत शासन की प्रमुख योजनाओं से जनजातीय समाज को लाभान्वित करने अधिक से अधिक कार्य करें। जिसके अंतर्गत धरती आबा जनजातिय ग्राम उत्कर्ष अभियान, प्रधानमंत्री जनमन योजना, आवास, सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार के क्रियान्वयन के लिए कार्य करना है। उन्होंने कहा कि एजुकेशन हब में प्रयास आवासीय विद्यालय का संचालन प्रारंभ किया जा रहा है। इसके साथ ही 25 अगस्त से आईआईटी, जेईई की कोचिंग भी प्रारंभ किया जाना है। उन्होंने इसके लिए आवश्यक तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने एजुकेशन हब में प्रयास आवासीय विद्यालय के आवासीय हॉस्टल के व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

### जिम्मेदारी तय

जिला पंचायत सीईओ सुरुचि सिंह ने कहा कि छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव का आयोजन जनसहभागिता से किया जाना है। इसके अंतर्गत शासन की योजनाओं से अधिक से अधिक जनसामान्य को लाभान्वित करना है तथा इसके लिए सभी विभागों को अच्छा कार्य करना है। इस अवसर पर वनमंडलाधिकारी आयुष जैन, अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर प्रेमप्रकाश शर्मा, नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा, एसडीएम राजनांदगांव खेमलाल वर्मा, एसडीएम डोंगरगढ़ एम. भार्गव, एसडीएम डोंगरगांव श्रीकांत कोराम सहित अन्य

# सड़क मरम्मत की गुहार लगाते घिस गई चप्पलें, लगाया रोपा

- ग्रामीणों की मांग का कांग्रेस ने किया समर्थन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया



वर्षों से जर्जर सड़क की मरम्मत की मांग कर रहे ग्रामीणों के समर्थन में अब कांग्रेस सामने आई है। ब्लॉक कांग्रेस गंडई ने विरोध प्रदर्शन करते हुए खराब सड़क पर धान का रोपा लगाया। यह प्रदर्शन केवल सड़क की बदहाली को उजागर करने के लिए ही नहीं, बल्कि सिंचाई के लिए सुतियापाठ बैराज से पानी न मिलने की समस्या को लेकर भी किया गया।

पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत कांग्रेस के नेता और कार्यकर्ता पेंडरवानी पहुँचे। उन्होंने धरना स्थल से जर्जर सड़क तक पैदल मार्च किया।

इस दौरान ग्रामीणों ने नायब तहसीलदार और अन्य अधिकारियों को सड़क की दुर्दशा दिखाया। सड़क पर बारिश का पानी जमा था। इसके बाद प्रदर्शनकारियों ने सड़क के बीच में धान का रोपा लगाकर अपना विरोध जताया। यह प्रतीकात्मक प्रदर्शन यह दिखाने के लिए था कि सड़क इतनी खराब हो चुकी है कि अब उसका इस्तेमाल खेती के लिए किया जा सकता है। प्रदर्शन के बाद ब्लॉक कांग्रेस ने कलेक्टर के नाम आवेदन राजस्व अधिकारी को सौंपा।

इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष लाल टारकेश्वर शाह ख़ुशरो, ब्लाक अध्यक्ष भिज्ञेश यादव, मोहसिन खान, अमित टंडन, ताराचंद बंजारे, दिनेश रजक, पूरन मरकाम, रिंकू दुबले, चुरावन टंडन, करन बंजारे, ब्यास वर्मा, शैलेंद्र दुबे, नरेश साहू, भूपेंद्र रजक, भूपेंद्र धुर्वे, श्याम साहू, आत्मा धुर्वे, नानू रजक, किसुन साहू, भुनेश्वर साहू, तिलक वर्मा, सुमन विश्वकर्मा, मुकेश साहू, दिलेश्वर साहू, राजकुमार, केदार, रेवा रजक, होरी वर्मा आदि बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# तीज पर सुहागिनों ने किया व्रत



**सड़क अतरिया।** मंगलवार को तीज पर्व उल्लास से मनाया गया। महिलाओं ने निर्जला व्रत कर पति के दीर्घायु एवं कुशल मंगल की कामना की। बहुत से घरों में फूलेरा तैयार किया गया था। तो कही पार्थिव शिव लिंग की स्थापना किया गया था। महिलाओं ने सिंगार कर विधि विधान से पूजा अर्चना किया। कुछ घरों में रात भर भजन कीर्तन किया गया। पहली दफा व्रत करने वाली महिलाओं में व्रत को लेकर उत्साह बना रहा। सुबह भगवान एवं बड़ों से आशीर्वाद लेकर विसर्जन किया गया।

### तीजा त्यौहार पर किया गया पूजा अर्चना

**खडगांव।** तीजा के मौके पर महिलाओं ने एक दिवसीय निर्जला उपवास किया। ग्राम पंचायत के समीप स्थित शिव मंदिर जाकर महिलाओं ने भगवान शिव एवं माता पार्वती की आराधना की। धार्मिक मान्यता के अनुसार माता पार्वती ने भगवान शिव को पति के रूप में पाने के लिए यह व्रत रखा था। रात्रि जागरण कर महिलाओं ने हर प्रहर पूजा अर्चना किया।



# तीरदांजी के लिए जंगलपुर के 10 चयनित

हरिभूमि न्यूज ⏭ जंगलपुर



जंगलपुर संकुल केंद्र के 10 छात्र-छात्राओं का चयन राज्य स्तरीय शालेय तीरंदाजी प्रतियोगिता के लिए हुआ है। संकुल प्राचार्य पूनाराम यादव ने बताया कि व्यायाम शिक्षक मनीष पांडेय, तीरंदाजी प्रशिक्षक राहुल साहू और भोपेंद्र सिन्हा के मार्गदर्शन में छात्र-छात्राओं ने राजनांदगांव में आयोजित संभाग स्तरीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए यह उपलब्धि हासिल किया है।

चयनित छात्र-छात्राओं में अंडर 19 बालिका वर्ग में प्रियंका प्रजापति, अंडर 19 बालक वर्ग में अनुज साहू, तनुष साहू, अंडर 17 बालक वर्ग में डेविड साहू, गोपेश साहू, सुमित कुमार यादव, अंडर 14 बालिका वर्ग में कुमकुम साहू शामिल है। सभी उच्चतर माध्यमिक शाला जंगलपुर के विद्यार्थी है। इसी प्रकार अंडर 14 बालक वर्ग में पूर्व माध्यमिक शाला जंगलपुर के चमन साहू तथा पूर्व माध्यमिक शाला रामपुर के टिकेश्वर साहू, नमन साहू चयनित हुए हैं। छात्र-छात्राओं को संकुल प्राचार्य पूनाराम यादव, संकुल समन्वयक सनत कुमार, रिखीराम साहू, विष्णुराम बघेल, महादेव वाल्दे, हारून कुरैशी, जनपद उपाध्यक्ष मनीष साहू, सरपंच भूपेंद्र साहू, यतीश सिन्हा, चंदूलाल साहू आदि ने बधाई दी है।

### तिथि और साहिल भी चयनित

**डोंगरगांव।** तीरंदाजी और शतरंज के प्रतिभाशाली खिलाड़ी तिथि चौबे और साहिल पटेल ने अपनी काबिलियत साबित करते हुए अंडर 17 राज्यस्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता में जगह बनाई है। तीरंदाजी प्रतियोगिता 28 से 30 अगस्त तक कोंडागांव एवं शतरंज प्रतियोगिता 16 से 19 सितंबर तक मुंगेली में होगी। दोनों खिलाड़ी दुर्ग संभाग का प्रतिनिधित्व करेंगे। दोनों खिलाड़ियों ने संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया था जिसके आधार पर उनका चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ। दोनों खिलाड़ी स्थानीय पीएमश्री सेजस के विद्यार्थी हैं। उन्हे प्राचार्य भरत लाल देवांगन, खेल शिक्षक हारून कुरैशी एवं समस्त स्टाफ ने बधाई दी है।





कांग्रेस ने घर-घर जाकर किया फल वितरण

# डायरिया पीड़ितों से मिले विधायक, करायी टंकी सफाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला



विधायक इंद्रशाह मंडावी मंगलवार को रेंगाकठेरा के दौरे पर रहकर 5 घंटे बिताया और डायरिया पीड़ितों से मुलाकात किया। डोर टू डोर जाकर ग्रामीणों से सावधानी बरतने कहा। इससे पहले भी विधायक की पहल पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने घर-घर फल वितरण किया था एवं अस्पताल में जाकर पीड़ितों से मुलाकात किया। विधायक ने मौके पर स्वास्थ्य विभाग एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के उच्चाधिकारियों से बात कर टंकी की सफाई खुद की मौजूदगी में कराने निर्देशित किया। ग्रामीणों एवं पंचायत प्रतिनिधियों ने विधायक को बताया कि टंकी में एक फीट से ज्यादा कीचड़ जमा है। विधायक ने पीएचई के अधिकारी कर्मचारी को तत्काल टंकी साफ करने निर्देशित किया तब जाकर बुधवार को टंकी की सफाई कराया गया। टंकी में 4 इंच से अधिक मड एवं सिल्ट जमा हो गया था। इस दौरान विधायक मंडावी, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अब्दुल खलीक, दिनेश शाह मंडावी, देवानंद कौशिक, अभिषेक ठाकुर उपस्थित थे।

### दो की हुई मृत्यु

बरसात के मौसम में नलजल के माध्यम से विस्तारित पानी में वर्षाजल मिल जाने से गांव के दर्जनों परिवार उल्टी दस्त से पीड़ित हुए थे। प्रभावितों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहला में भर्ती कराया गया था। कुछ परिवार ने दल्ली राजहरा के निजी अस्पताल में स्वास्थ्य लाभ लिया। पीड़ितों में से दो लोगों की मृत्यु भी हो गई। इस दौरान सरपंच खूबलाल भुआर्य, जीवराखन पिस्दा, अब्दुल खान, पुरन निषाद, दीपक पिस्दा, रहमतुल्लाह कुरैशी, शेख रहीमुद्दीन, डोमेंद्र पिस्दा, कमलेश साहू, लिखन भुआर्य, परसादी कोरिटीया, साहिल, हीरालाल निषाद, दुर्गेश, श्रीराम धनगुण, टीकूराम निषाद, धर्मदास सहित अन्य मौजूद थे।

# उत्कृष्ट कार्य के लिए शिक्षक सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे के मार्गदर्शन में जिले में शिक्षा के स्तर को उन्नत करने के उद्देश्य से विनोबा ऐप ओपन लिंक्स फाउंडेशन द्वारा संचालित शिक्षक सहायक कार्यक्रम के तहत डोंगरगांव विकासखंड के एसएजीएस में प्रशिक्षण एवं फालो-अप बैठक का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में शिक्षकों को विनोबा एप के प्रभावी क्रियान्वयन के संबंध में समझाया गया। विनोबा ऐप के माध्यम से जिले में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाने और शिक्षकों को नवीनतम शैक्षणिक तकनीकों से सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

विनोबा के परियोजना समन्वयक नरेंद्र साहू ने सभी प्रक्रियाओं का लाइव डेमो देकर शिक्षकों को आसानी से समझाया। पीपीआईए फेलो अमित परिहार और श्री जॉली ने विनोबा ऐप के विशेषताओं के बारे में बताया। इस अवसर पर मंथली पोस्ट ऑन विनोबा के ब्लॉक और क्लस्टर स्तर के विजेता शिक्षकों को सम्मानित किया गया। पोस्ट ऑफ मंथ अंतर्गत ब्लॉक प्लस क्लस्टर डोंगरगांव एवं छुरिया, ब्लाक पोस्ट ऑफ मंथ शिक्षक के लिए शासकीय माध्यमिक विद्यालय किसान करमतरा के शिक्षक सुरेश कुमार, कलस्टर पोस्ट ऑफ मंथक शिक्षक के लिए शासकीय माध्यमिक विद्यालया चांदो छुरिया के शिक्षक डॉ. भगवानी निषाद एवं जीपीएस करमतरा डोंगरगांव के शिक्षक नीतू बाला सोनवानी को सम्मानित किया गया।

## खबर संक्षेप

### चावल वितरण 31 तक

**मोहला।** हितग्राहियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत अगस्त माह के चावल वितरण की अंतिम तिथि बढ़ाकर 31 अगस्त तक कर दी गई है। जिले के समस्त राशनकार्डधारी अब इस तिथि तक चांवल प्राप्त कर सकेंगे।खाद्य अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार यह वितरण राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम एवं छत्तीसगढ़ खाद्य एवं पोषण सुरक्षा अधिनियम अंतर्गत आने वाले समस्त पात्र परिवारों को इस अवधि में केवल अगस्त माह का चावल ही वितरित किया जाएगा।

### गड़रिया ढेंगर समाज की नई कार्यकारिणी घोषित

**गंडई।** छत्तीसगढ़ प्रदेश गड़रिया ढेंगर समाज ने 23 अगस्त को अपनी नई प्रादेशिक कार्यकारिणी की घोषणा कर दी है। प्रदेश अध्यक्ष गोविंद राम धनकर और प्रदेश महासचिव पुरुषोत्तम पाल द्वारा जारी की गई इस सूची में, धमधा-गंडई क्षेत्र के कई सदस्यों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। समाज के प्रदेश मीडिया प्रभारी निरंजन रामसिंह धनकर ने बताया कि नई कार्यकारिणी में राधेलाल पाल और इंदु राम धनकर को प्रदेश संरक्षक बनाया गया है। इसके साथ ही, मुकेश धनकर को प्रदेश उपाध्यक्ष, निरंजन लाल धनकर को प्रदेश मीडिया प्रभारी, विजय पाली को संगठन मंत्री, मनीराम पाली को प्रदेश प्रवक्ता और महेश पाली को प्रदेश संगठन मंत्री मनोनीत किया गया है। कार्यकारिणी सदस्यों के रूप में दिनेश पाली, प्रकाश पाल, नरेंद्र पाल, सुशील पाल, अघानू पाल, शिवकुमार पाल, राजेश पाली, राजेश पाल, रामविलास पाल, रामकुमार पाल, मयाराम पाल, गोविंद पाल और लालजी पाली को शामिल किया गया है। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष शंकरपाल ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दीं और उनसे समाज के विकास में सक्रिय योगदान देने का आग्रह किया।

### उज्ज्वल प्रोबेबल टीम स्कील और फिटनेस कैंप में



**राजनांदगांव।** युगांतर पब्लिक स्कूल के छात्र उज्ज्वल कुमार मरकाम कक्षा 10वीं ने अंडर-16 आयु वर्ग के जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतिस्पर्धा में शानदार प्रदर्शन किया है। वे इस आधार पर छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ रायपुर द्वारा आयोजित प्रोबेबल टीम स्कील और फिटनेस कैंप में चयनित होकर भाग ले रहे हैं। यह कैंप 18 अगस्त से 8 सितंबर तक आयोजित है। कैंप में शानदार प्रदर्शन के आधार पर छात्र के छत्तीसगढ़ की अंडर-16 आयु वर्ग की टीम में चयनित होने की संभावना है। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य मधुसूदन नायर, पीआरओ स्पोर्ट्स ऑफिसर दिनेश प्रताप सिंह तथा प्रबंध समिति ने छात्र के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते बधाई दी।

## विधायक के साथ ग्रामीणों ने कलेक्टर से की शिकायत

# फसल बीमा में धोखाधड़ी, दोषियों पर ग्रामीणों ने की कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंडई पंडरिया

ग्राम पंचायत धोधा में फसल बीमा के नाम पर लाखों रुपये का हेरफेर किए जाने की खबर हरिभूमि ने फसल बीमा के नाम पर लाखों की गड़बड़ी शीर्षक के साथ 27 अगस्त को प्रकाशित किया था। विधायक यशोदा वर्मा के साथ बुधवार को ग्रामीणों ने इस मामले में कलेक्टर को लिखित शिकायत करते हुए जांच कर एफआईआर कराने की मांग की है।

बुधवार को ग्राम धोधा कालेगोदी क्षेत्र के जनपद सदस्य रमेश साहू, पूर्व सरपंच वर्मा, सीताराम वर्मा, सावंत, प्रकाश, चंद्रिका, शिवलाल, दयाराम वर्मा, रामरतन साहू, भगवती, पवन कुमार ,गंगाराम, तिलक राम, अमर सिंह वर्मा, बैसाखू, दौलत, मलिक, राजकुमार, भारत वर्मा, बाबूलाल, संतोषी, मीना देवी ठाकुर, मोगरा सहित क्षेत्र के अन्य ग्रामीण खैरागढ़ विधायक यशोदा वर्मा के साथ जिला कलेक्टर को लिखित शिकायत करते हुए जांच कर एफआईआर कराने की मांग की। ग्रामीणों ने अपने आवेदन मे बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में बड़े पैमाने पर धोखाधड़ी किया गया है। शिकायत पत्र में सत्ता पक्ष के एक सक्रिय कार्यकर्ता अनीश सिंह गौतम पर अपनी पत्नी और कुछ सहयोगियों के साथ मिलकर फर्जी दस्तावेज तैयार कर लाखों रुपए के बीमा क्लेम हड़पने का आरोप लगाया गया है।

शिकायत में कहा गया है कि ग्राम घोघा और कालेगोंदी के कई किसानों की जमीन पर उनकी जानकारी के बिना फसल बीमा कराया गया। आरोपी अनीश गौतम, उनकी पत्नी भूमिका ठाकुर और उनके सहयोगी खुमानराम लोधी, देवेंद्र कुमार लोधी, और कुमार राम साहू ने मिलकर कथित तौर पर दूसरे किसानों के खसरा नंबरों का इस्तेमाल किया और सरकारी जमीन (चारागाह) को भी अपनी संपत्ति दिखाकर बीमा क्लेम हासिल किया। आरोप है कि इन सभी ने मिलकर कई किसानों की जमीनों को अपने नाम का बताकर बीमा आवेदन भरे, जिसके बाद बीमा कंपनी द्वारा लाखों रुपये की राशि उनके निजी बैंक खातों में ट्रांसफर कर दी गई। शिकायतकर्ता ने ऐसे कई मामलों का जिक्र किया है, जिनमें संतोष सिंह राजपूत, दीपक राजपूत, लालेन्द्र सिंह राजपूत, कुमार सिंह और मांगीलाल जैसे किसानों की जमीन का गलत तरीके से इस्तेमाल किया गया।



### फर्जी रिपोर्ट तैयार

शिकायत के अनुसार, इस धोखाधड़ी में पटवारी होरीलाल ध्रुवे और ग्राम कृषि विकास अधिकारी की भी मिलीभगत हो सकती है, क्योंकि उन्होंने बिना वास्तविक फसल कटाई के फर्जी रिपोर्ट तैयार की। शिकायतकर्ताओं ने इस पूरे मामले को एक संगठित डकैती बताते हुए प्रशासन से सभी आरोपियों के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज कर सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। इस गंभीर आरोप के बाद, पुलिस और प्रशासन ने मामले की गहन जांच शुरू कर दी है।

### जांच किया जाएगा

ग्रामीण जिला कलेक्टर और मेरे पास शिकायत जांच आवेदन लेकर आए थे। कलेक्टर ने जांच करने के लिए आदेशित किए है।

**वीरेंद्र कुमार डहरिया,** अनुविभागीय वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी

# फुलेरा सजाकर शिव-पार्वती की पूजा-अर्चना



- महिलाओं ने मंगलवार को किया रतजगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

सुहागिन महिलाओं ने सोमवार की रात करु भात खाकर मंगलवार को दिन-रात निर्जला व्रत रखा और बुधवार को भगवान भोलेनाथ, माता पार्वती, गणेश व कार्तिकेय की पूजा कर व्रत खोली। महिलाओं ने मंगलवार को रतजगा किया। मध्य रात्रि तक कहानी, कविता, धार्मिक पुस्तकों का पठन-पाठन किया। कुछ महिलाओं ने निर्जला न रखकर जलाहार कर व्रत रखा।

पार्थिव शिवलिंग बनाकर व फुलेरा सजाकर शिव-पार्वती की पूजा की। मायके वालों ने उपहार स्वरूप वस्त्र, आभूषण गिफ्ट भेंट किए। तीजा नहीं आने वाली महिलाओं के लिए माता-पिता व भाइयों ने फलाहार व उपहार भी भेजे। सभी सामूहिक रूप से पूजा कर व्रत खोली।

कुछ बहनों ने नदी सरोवर व तालाब में जाकर बालू रेत मिट्टी का पार्थिव शिवलिंग बनाकर जलाभिषेक किया तथा विधि-विधान से पूजा-अर्चना की है।

### पार्थिव शिवलिंग का किया जलाभिषेक

व्रती महिलाओं में पुष्पा लखनलाल, खुमेशवरी अंगेशवर सिन्हा, हेमलता बलदेव व छोटी सिन्हा ने बताया कि शास्त्रों के मुताबिक प्रति महिलाएं पार्थिव शिवलिंग का जल अभिषेक कर पूजा-अर्चना करती है तो अनुवांशिक फल की प्राप्ति होती है। नदी व तालाब किनारे पूजा करने से पुण्य लाभ प्राप्त होता है। धन-धान्य, आरोग्य, संतान, स्वर्ग की प्राप्ति के साथ शारीरिक व मानसिक कष्टों से मुक्ति मिलती है, अकाल मृत्यु नहीं होती है, शिव की कृपा हमेशा बनी रहती है।

# सायबर अपराधों से सतर्क रहने किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खैरागढ़

जिला पुलिस के साइबर सेल द्वारा साइबर फड से बचने जिले में प्रभावशाली जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में साइबर सेल टीम ने पालिटेक्निक कालेज के छात्र-छात्राओं को इंटरनेट की सुरक्षित उपयोगिता और साइबर अपराधों से बचाव के गुर बताया।

स्टुडेंट्स को बताया गया कि सोशल मीडिया जितना उपयोगी है, उतना ही सतर्कता से इसका प्रयोग करना भी जरूरी है। अंजान व्यक्तियों का फ्रैंड रिक्वेस्ट स्वीकार न करने, निजी फोटो वीडियो साझा न करने और पर्सनल जानकारी किसी भी ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर साझा करने से बचने की सलाह दी।

सोशल मीडिया प्रोफाइल की क्लोनिंग कर ठगी करने वाले साइबर अपराधियों की सक्रियता के उदाहरण देकर समझाते हुए व्हाट्सएप व अन्य सोशल साईट पर पर टू स्टेप वेरिफिकेशन अनिवार्य रूप से एक्टिव रखने की सलाह देते हुए बताया कि यह सुरक्षा की पहली दीवार है, जिससे किसी अन्य को आपके अकाउंट का गलत उपयोग करने से रोका जा सकता है।

### संदिग्ध लिंक पर क्लिक न करें

साइबर टीम ने बताया कि साइबर ठग आजकल अनजान लिंक, फर्जी ईमेल और पेमेंट ऐप्स के माध्यम से धोखाधड़ी करते हैं इसलिए किसी भी संदिग्ध लिंक पर क्लिक न करें और अज्ञात स्रोत से आए कोड या लिंक को स्कैन न करें। ऑनलाइन पेमेंट करते समय कभी भी अपनी क्यू आर कोड, ओटीपी या बैंक संबंधी जानकारी साझा न करें। गेमिंग ऐप्स के जरिए हो रहे मानसिक शोषण, आर्थिक ठगी और बच्चों को हिंसक प्रवृत्तियों में ढकेलने वाले ऑनलाइन गेम्स के खतरे के बारे में बताया गया साथ ही फ्री रिवॉर्ड, लेवल पास करने के नाम पर डेबिट, क्रेडिट कार्ड की जानकारी मांगने वाले गेम्स से दूर रहने की सलाह देकर आग्रह किया कि वे ये जानकारियां अपने माता. पिता और परिजनों तक भी पहुंचाए। प्राचार्य एसके बराठे सहित स्टाफ ने इस कार्यक्रम को अत्यंत उपयोगी बताते हुए कहा कि आज के दौर में जब हर व्यक्ति इंटरनेट और मोबाइल से जुड़ा है, ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों के लिए न सिर्फ प्रासंगिक हैं बल्कि समय की आवश्यकता भी है। स्टॉफ ने जिला पुलिस के इस प्रयास की सराहना करते हुए भविष्य में भी इस तरह के सत्र आयोजित करने की मांग की। अंत में स्टुडेंट्स ने भी साइबर अपराधों से संबंधित अनेक प्रश्न पूछा जिनका साइबर सेल टीम द्वारा सरल भाषा में उत्तर दिया गया।

# अमलीपारा वार्ड में नाली निर्माण में खुलेआम हो रहा भ्रष्टाचार, जिम्मेदार चुप है : मनराखन

- नाली निर्माण में आरसीसी का मानक दरकिनार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खैरागढ़

नगर पालिका के वार्ड 12 अमलीपारा में नाली निर्माण के काम को गुणवत्ताहीन बताते हुए विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन ने कहा ठेकेदार जो खुद नपा अध्यक्ष गिरजा चंद्राकर का भतीजा है खुलेआम नियमों को ताक पर रखकर काम कर रहा है।

नाली निर्माण में आरसीसी का मानक पूरी तरह दरकिनार कर दिया गया है। जहॉ लोहे का सरिया यू आकार का लगाना है वहॉ एल आकृति की लगाई जा रही है। निर्माण की गुणवत्ता को संदिग्ध बताते हुए मनराखन देवांगन ने कहा कि नाली का बेस तक तैयार नहीं किया गया वहीं छड़ की दूरी भी मानक 6-7 इंच के बजाय डेढ़ से दो फीट रखी गई है। वार्डवासियों ने शिकायत की है कि एक ओर घरों की तरफ दीवार न बनाकर आधा-अधूरा काम किया जा रहा है, लेकिन नगर पालिका प्रशासन ने कोई ध्यान नहीं दिया। सबसे हैरानी की बात यह है कि यह काम नपा अध्यक्ष के घर के पीछे ही हो रहा है बावजूद इसके नियम-कायदों की ऐसी खुली धज्जियां उड़ाई जा रही हैं।



### जताई अनभिज्ञता

मामले पर नपा इंजीनियर शाहबाज खान का कहना है कि निर्माण एजेंसी ने उन्हे काम प्रारंभ करने की कोई जानकारी नही दी है। ऐसे में इंजीनियर की अनभिज्ञता से मिलीभगत की बू साफ झलक रही है। सीएमओ कोमल ठाकुर ने जानकारी मिली है दिखवा लेता हूॅ कहकर पल्ला झाड़ लिया। जिम्मेदारों के टालमटोल जवाब से वार्डवासियों को शंका है कि भ्रष्टाचार की इस गंगा में अधिकारी से लेकर ठेकेदार तक सब नहा रहे हैं। मनराखन देवांगन का कहना है कि भाजपा सरकार में इस तरह भ्रष्टाचार खुलआम आम हो रहा हैं। जब अध्यक्ष के घर के पीछे ही घटिया स्तर पर काम हो रहा है तो शहर के अन्य उन्नीस वार्डो में काम भगवान भरोसे है।

# मंडल कार्यकर्ताओं ने किया प्रदेश प्रवक्ता का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खैरागढ़

- सांसद पांडेय का आतिशबाजी कर जोशीला स्वागत

सांसद संतोष पांडेय के प्रदेश प्रवक्ता नियुक्ति बाद ठेलकाडीह मंडल में प्रथम आगमन पर मंडल के अध्यक्ष भोज बंजारे सहित भाजपा कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर जोशीला स्वागत किया।

पूर्व जनपद अध्यक्ष टीलेश्वर साहू ने ठेलकाडीह में महतारी सदन की स्वीकृति, महाविद्यालय का नामकरण संत गुरु घासीदास के नाम पर करने और भवन निर्माण के लिए 2 करोड 52 लाख की स्वीकृति, लखनादौन लांजी बालाघाट खैरागढ से रायपुर नेशनल हाईवे सडक़ निर्माण की स्वीकृति के लिए सांसद संतोष पांडेय का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दौरान शशांक साहू बंटी, डीहू साहू, देवानंद वर्मा, बलराम जांगड़े, खेमचंद देवांगन सोनू, बंशी जांगड़े, भूषण वर्मा, शैलेश साहू, ललित चोपड़ा, संतोष टंडन, हेमंत साहू, विनोद साहू, अमन देवांगन, सिंगारपुर दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर पुजारी बबला महाराज सहित बडी संख्या मे कार्यकर्ता उपस्थित थे।



# प्रांतीय पदाधिकारियों की बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

चिखली स्थित वैष्णव सामाजिक भवन में वैष्णव समाज के प्रदेशभर के पदाधिकारियों, जिलाध्यक्षों एवं मंडलेश्वर तथा सक्रिय कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में 24 अगस्त को सामाजिक बैठक आयोजित हुई। बैठक में वैष्णव सम्प्रदाय के भगवताचार्य एवं पदाधिकारियों द्वारा समाज के उत्थान के लिए अनेक सुझाव दिए। समाज के लोगों को अपने धर्म के अनुसार आचरण, व्यवहार बनाए रखने तथा समाज के उत्थान की दिशा में कार्य करने निर्देशित किए गए। राजगामी संपदा न्यास राजनांदगांव जो वैष्णव राजाओं की संपत्ति है। जिसमें आज तक किसी वैष्णव बंधुओं को अध्यक्ष का पद नहीं दिया गया। जबकि दूसरे अन्य आयोगों वगैरह में उसी समाज से संबंधित व्यक्तियों को पदाधिकारी बनाया जाता है। इसके लिए प्रशासन को आवेदन पत्र प्रेषित कर समाज के लोगों को ही उपरोक्त पद पर मनोनयन करने समाज को एकजुट होकर अपनी आवाज शासन के शीर्ष नेताओं तक पहुंचाई जाए। समाज के अनेक व्यक्ति सभी राष्ट्रीय पार्टियों में सक्रिय रूप से कार्य करते आ रहे हैं। उन्हीं पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ताओं को राजगामी संपदा न्यास में अध्यक्ष एवं दो सदस्य बनाया जाए। बैठक में छत्तीसगढ़ प्रदेश वैष्णव महासभा के अध्यक्ष पीडी वैष्णव भिलाई, महासचिव एलडी वैष्णव रायपुर, जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव, जिला भाजपा के पूर्व महामंत्री रविन्द्र वैष्णव, राजनांदगांव वैष्णव समाज के जिला अध्यक्ष जीडी वैष्णव, महामंडलेश्वर मुरलीशरण वैष्णव, उपसचिव अशोक वैष्णव, कोषाध्यक्ष प्रद्युमन दास वैष्णव, केके दास, गुलाब दास, अमित वैष्णव, उमाकांत वैष्णव सरगुजा, ओमप्रकाश बैरागी, विश्वनाथ बैरागी रायगढ़, दिग्विजय वैष्णव, कमल वैष्णव दुर्ग, भ्रमर बैरागी लैलुंगा, राजेन्द्र वैष्णव घोटवानी साजा, मधु किशोरी वैष्णव, प्रभा वैष्णव, कमला वैष्णव, रमन वैष्णव महासमुंद, मोहनदास वैष्णव कोरिया, ब्रजेश वैष्णव अंबिकापुर, विश्वास वैष्णव, उमाकांत वैष्णव सरगुजा, मोहनदास सूरजपूर, बालेश्वर दास बागबाहरा, लखन दास, ईश्वरदास सारंगगढ़, चेलादास वैष्णव फेकारी पाटन, प्रद्युमान दास वैष्णव, दिलीप वैष्णव, सौरभ वैष्णव, अविनाश वैष्णव, बंटी वैष्णव, कमलेश वैष्णव राजनांदगांव, चेतनदास वैष्णव अंबिकापुर, पिंटू वर्मा सूरजपुर, राजेश्वर वैष्णव दुर्ग आदि पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल थे। उक्त जानकारी जीडी वैष्णव ने दी।



## संगीत संकाय के विद्यार्थियों ने किया गायन

# विवि में हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीतज्ञ पं. भातखंडे और पं. पलुस्कर स्मृति समारोह का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खैरागढ़

इन्दिरा कला संगीत विवि में कुलपति प्रो डॉ. लवली शर्मा के मुख्य आतिथ्य में संगीत संकाय द्वारा महान हिन्दुस्तानी शास्त्रीय संगीतज्ञ पं विष्णु नारायण भातखंडे और पं विष्णु दिगम्बर पलुस्कर स्मृति समारोह का आयोजन किया गया। विवि कैंपस स्थित प्रेक्षागृह में आयोजित कार्यक्रम में संगीत संकाय के विद्यार्थियों ने उनके द्वारा रचित बंदिशों का गायन किया गया। एमपीए अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों ने सहा प्राध्यापक जगदेव नेताम के निर्देशन में राग मियां मल्हार में पं पलुस्कर की बंदिश का गायन किया जिसके बाद एमपीए प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों ने सहा प्राध्यापक डॉ लिकेश्वर वर्मा व डॉ दिवाकर कश्यप के निर्देशन में राग मालकौंस में निबद्ध पं भातखण्डे द्वारा संकलित और रचित बंदिशों का गायन किया जिसे श्रोताओं ने खूब सराहा। तृतीय प्रस्तुति में तंत्री विभाग के विद्यार्थियों द्वारा सहा प्राध्यापक विवेक नवरे सरोद के निर्देशन में राग बागेश्री में चतुष्वाद्य की प्रस्तुति दी गई। अंतिम प्रस्तुति में अवनद्ध विभाग के विद्यार्थियों द्वारा सहा प्राध्यापक डॉ हरिओम हरि के निर्देशन में तीन ताल में रेला, बरन, टुकडे की प्रस्तुतियां दी। तंत्री एवं अवनद्ध विभाग की प्रस्तुतियों ने भी खूब तालियां बटोरी।



### दोनों महान संगीतज्ञों को श्रद्धांजलि देने का कार्य सराहनीय है

कार्यक्रम में कुलपति प्रो डॉ लवली शर्मा ने कहा कि विवि दो महान विभूतियों को सांगीतिक कार्यक्रम के माध्यम से स्मरण कर रहा है। आयोजन के लिए विद्यार्थियों के साथ शिक्षकों ने भी बेहतर प्रयास किया हैं। उन्होंने कहा कि विवि प्रांगण में सकारात्मक अनुभूति और सांगीतिकता हैं। उन्होंने इसी प्रेरणा साथ निरंतर आगे बढ़ते रहने कहा। इस दौरान प्रो डॉ मृदुला शुक्ल, प्रो डॉ नीता गहरवार, प्रो डॉ नमन दत्त, प्रभारी कुलसचिव डॉ सौमित्र तिवारी सहित संगीत संकाय के प्राध्यापक डॉ लिकेश्वर वर्मा, डॉ हरिओम हरि, डॉ दिवाकर कश्यप, जगदेव नेताम, विवेक नवरे सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में दोनों संगीत विभूतियों के जीवन वृत्त और सांगीतिक योगदानों पर गायन विभाग की शोधार्थी रोहिणी साहू व विशाली द्वारा प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम का संचालन एकता नैथानी ने किया।

### साहू को जयपुर में मिला एक्सक्लूसिव स्टारडम अवार्ड

**राजनांदगांव।** राजस्थान की राजधानी जयपुर में आयोजित एक्सक्लूसिव स्टारडम अवार्ड्स 2025 में छत्तीसगढ़ ने अपनी अलग पहचान बनाई। समाजसेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए राजनांदगांव जिले के नावागांव के डॉ. हेमशंकर जेठमल साहू को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर जयपुर में एक्सक्लूसिव वर्ल्ड रिकाड्र्स और लता फाऊंडेशन के सहयोग से संपन्न हुआ। डॉ. साहू को सोशल सर्विस केटेगरी में अवार्ड प्रदान किया गया।

कार्यक्रम की सेलिब्रिटी गेस्ट व टीवी अभिनेत्री नवीना बोले ने कहा कि डॉ. हेमशंकर जेठमल साहू ने साबित किया है कि कोई भी व्यक्ति अपनी लगन और सेवा भावना से समाज की भलाई के जरिये राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पहचान बना सकता है। वे छत्तीसगढ़ के गौरव हैं और आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा स्त्रोत भी। गरीब किसान परिवार से निकलकर राष्ट्रीय मंच तक पहुंचे डॉ. साहू की यात्रा अत्यंत प्रेरणादायी रही है।

इस आयोजन में भारत और नेपाल से आए कुल 19 प्रतिभागियों को समाजसेवा, साहित्य, आध्यात्म, शिक्षा, महिला सशक्तिकरण और मानसिक स्वास्थ्य जैसे क्षेत्रों में योगदान के लिए सम्मानित किया गया। इनमें जयपुर के डॉ. रामसिंह राजोरिया, मुंबई के डॉ. महेश गौर, दिल्ली की सेहर हाशमी और नेपाल के डॉ. प्रकाश भुजेल जैसे नाम शामिल रहे। डॉ. साहू की इस उपलब्धि ने न केवल उनके गांव नावागांव और राजनांदगांव जिले का नाम रोशन किया है, बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ की पहचान को राष्ट्रीय स्तर पर नई ऊंचाई दी है।






## सार समाचार

### संस्कारधानी गरबा उत्सव का भूमिपूजन आज

**राजनांदगांव।** शहर का भव्य संस्कारधानी गरबा उत्सव 2025 का भूमिपूजन कार्यक्रम कल 28 अगस्त को लखोली नाका मठपारा रोड स्थित शिवनाथ वाटिका राजनांदगांव में शाम 4.30 बजे से आयोजित होगा। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सुनील अग्रवाल एवं विशिष्ट अतिथियों में शरद अग्रवाल, सचिन अग्रहरि, अमित जैन और अनुराग अग्रवाल शामिल रहेंगे। गौरतलब हो कि यह संस्कारधानी गरबा उत्सव आयोजन का 9वां वर्ष है। इस वर्ष आयोजन समिति का गठन किया गया है। जिसमें अध्यक्ष कांत अग्रवाल, सचिव दिव्यांश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष अवंत अग्रवाल, उपाध्यक्ष सौरभ कांकरिया, कार्यकारणी सदस्य प्रियेश जैन, राहुल चोपड़ा, शुभम जैन, संकल्प कन्नौजे, कृष्ण लोहिया, नमन पोद्दार, वैभव अग्रवाल, केतन चोरड़िया, विनायक जोशी, अर्पित अग्रवाल शामिल हैं। उक्त आयोजन के आयोजक संस्कारधानी गरबा उत्सव समिति और सह-आयोजक अखिल भारतीय युवा अग्रवाल सम्मेलन होंगे। आयोजन समिति ने बताया कि गरबा उत्सव में कई नए आकर्षण होंगे, जो इसे और विशेष बनाएंगे। समिति ने कार्यक्रम में शामिल होकर इसे सफल बनाने की अपील की है।

### आयुक्त ने विसर्जन कुंड का किया निरीक्षण

**राजनांदगांव।** नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने सोमवार सुबह मोहारा स्थित विसर्जन कुंड का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



उन्होंने गणेश पर्व को ध्यान में रखकर शहर की विद्युत व्यवस्था दुरूस्तीकरण के अलावा अन्य आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने कहा। नगर निगम आयुक्त विश्वकर्मा सुबह मोहारा स्थित विसर्जन कुंड का निरीक्षण कर कुंड की सफाई करने व कुंड में ताजा पानी भरने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विसर्जन कुंड के आसपास साफ-सफाई कर विद्युत व्यवस्था दुरूस्त करें। इसके अलावा विसर्जन संबंधी अन्य आवश्यक व्यवस्था भी दुरूस्तीकरण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शहर की सड़कों एवं विसर्जन झांकी आने वाले रूट में पेंचवर्क करें। आयुक्त विश्वकर्मा ने गणेश पर्व को ध्यान में रखते शहर में विद्युत व्यवस्था की जानकारी लेकर कहा कि शहर के आंतरिक एवं बाह्य क्षेत्रों में लगे विद्युत खंभों की बंद लाईट मरम्मत करें तथा विद्युत तार दुरूस्त करें। आयुक्त ने कहा कि बरसात एवं त्यौहार को देखते हुए नियमित रूप से शहर के लाईटों की जांच कर दुरूस्त करें तथा अन्य आवश्यक व्यवस्था सुदृण करें। इसके अलावा किसी भी प्रकार की शिकायतों का त्वरित निराकरण करें।

### ज्ञान परीक्षा में मोखला स्कूल के देवेश प्रथम

**राजनांदगांव।** मिडिल स्कूल मोखला कक्षा छठवीं में अध्यनरत छात्र



देवेश ने भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया। अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा जिला राजनांदगांव छत्तीसगढ़ ब्लॉक स्तरीय 2025-26 के परीक्षा में देवेश मिडिल स्कूल मोखला कक्षा छठवीं में प्रथम स्थान प्राप्त किया। उन्हें प्रधान पाठक एवं शिक्षकों ने शुभकामनाएं दी।

### राजधानी में मना आयोग का स्थापना दिवस

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग का 19वां स्थापना दिवस रायपुर के सिविल लाइन स्थित न्यू सर्किट हाउस में हर्षोल्लास के साथ



मनाया गया। इस अवसर पर प्रदेशभर से बड़ी संख्या में कवि व साहित्यकारों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व संस्कृति मंत्री व वर्तमान सांसद बृजमोहन अग्रवाल थे। छग राजभाषा आयोग के जिला समन्वयक आत्माराम कोशा के नेतृत्व में बड़ी संख्या में राजभाषा आयोग के स्थापना दिवस समारोह में शामिल हुए कवि/साहित्यकारों ने उक्त कार्यक्रम में अपनी अमिट छाप छोड़ी। कवयित्री सुषमा शुक्ला ने अपनी नारी व्यथा से संबंधित कविता व मोबाइल की विसंगतियों को उजागर करने वाली कविता पाठ किया। कवि आनंद राम सार्वा ने अपनी कविताओं की प्रस्तुति दी। समारोह में पुस्तक प्रदर्शनी में वरिष्ठ साहित्यकार कुबेर साहू की छत्तीसगढ़ी साहित्य की पुस्तकें अवलोकन के लिए रखा गया। जिसका कवि/साहित्यकारों व अतिथियों द्वारा अवलोकन किया गया। उक्ताशय की जानकारी छत्तीसगढ़ साहित्य समिति के सचिव मानसिंह मौलिक द्वारा दी गई।

### मनाई गई महंत राजा बलराम दास की पुण्यतिथि

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ श्री वैष्णव महासभा राजनांदगांव द्वारा 25 अगस्त को बल्देवबाग स्थित राजवंश स्थल में महंत राजा बलराम दास वैष्णव की



पुण्यतिथि मनाया गया। महापौर मधुसूदन यादव द्वारा राजवंश स्थल पर राजा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पूजा-अर्चना की गई। साथ ही महंत राजा बलराम दास द्वारा पूर्व में जनहित में रेलवे विस्तार के लिए दिए गए जमीन दान को याद किया गया, जिस पर आज सभी समाज के लोगों को रेल सुविधा का लाभ मिल रहा है। उक्त कार्यक्रम में राजवंश स्थल एवं वैष्णव समाज भवन के आसपास वृक्षारोपण किया गया। महापौर मधुसूदन द्वारा वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर जिलाध्यक्ष संतोष वैष्णव द्वारा महापौर मधुसूदन यादव से निवेदन किया गया कि राजवंश स्थल पर मूर्ति स्थापना हेतु बजट में जो राशि लिया गया है, उस राशि पर 30 फीट की भव्य मूर्ति की स्थापना के लिए कहा गया, जिस पर महापौर द्वारा महंत राजा बलराम दास वैष्णव की भव्य मूर्ति जल्द से जल्द बनाने की अपनी सहमति प्रदान की। जिस पर समाज के लोगों ने खुशी जाहिर की। कार्यक्रम में निगम अध्यक्ष पारस वर्मा समेत शैंकी बग्गा, प्रमोद झंझाड़े, अमित जैन, देवकुमार निर्वाणी, चंद्रशेखर वैष्णव, महेंद्र वैष्णव, संतोष वैष्णव, संदीप वैष्णव, कमलेश वैष्णव, जितेंद्र वैष्णव, जितेंद्र बैरागी, आकाश वैष्णव, दिग्विजय वैष्णव, सुरेन्द्र वैष्णव, अनूप दास, मेघदास वैष्णव, विश्वास वैष्णव, देवेश वैष्णव, मनोज निर्वाणी एवं अन्य उपस्थित रहे।

### शाम होते ही जमती है महफिल

# सरकारी दफ्तरों के परिसर में भी चल रही नशाखोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सार्वजनिक जगह पर शराबखोरी के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। कार्रवाई नहीं होने के चलते शराबियों का जमघट सार्वजनिक जगह पर देखा जा सकता है। इसमें स्कूल परिसर के मैदान से लेकर शासकीय कार्यालय के परिसर भी अछूते नहीं है।

शहर के कुछ शासकीय दफ्तर के भीतर ज्यादातर प्रसाधन में शराब की खाली बोतल देखने को मिलती है। शहर में कई ऐसे शासकीय कार्यालय है, जहां देर शाम तक कुछ कर्मचारी रूके रहते हैं। इसके बाद कार्यालय के भीतर ही शराबखोरी की जाती है और बोतल आसपास परिसर में ही फेंक दिया जाता है। काम का बहाना लेकर रात 7-8 बजे तक खुले रहने वाले कुछ शासकीय दफ्तरों में सतत निरीक्षण किए जाने की आवश्यकता है।

#### शिकायत पर भी कार्रवाई नहीं

शासकीय दफ्तरों के परिसर में रात के वक्त आम लोगों का जाकर पीना संभव नहीं है। ऐसे में यहां छुट्टी के बाद देर शाम तक रूके कुछ कर्मचारियों द्वारा शराब सेवन किए जाने की शिकायत भी सामने आती है। इसके बावजूद इस पर कोई कार्रवाई नहीं होती है।



#### अधिकारी नहीं करते निरीक्षण

बस स्टैंड, फ्लाई ओवर के नीचे, प्यारेलाल स्कूल मैदान, म्युनिसिपल स्कूल मैदान, स्टेट हाईस्कूल मैदान, तहसील कार्यालय परिसर, नगर निगम परिसर सहित अन्य सार्वजनिक जगहों पर शराबखोरी आम बात हो गई है। वहीं अब अन्य शासकीय विभागों के परिसर में भी शराबखोरी होने लगी है। संबंधित अधिकारियों द्वारा अपने विभाग कार्यालय परिसर का सतत निरीक्षण नहीं करने के चलते यहां कुछ कर्मचारी शराब पीकर बोतल परिसर में ही फेंक देते हैं।

#### कार्य बढ़ाने शराब की रिश्वत!

शहर के बीच आईजी कार्यालय के ठीक बगल में लोक निर्माण विभाग का कार्यालय है। यहां परिसर में बने प्रसाधन के भीतर शराब और बीयर की दर्जनों खाली बोतल पड़ी हुई है। जिससे इस परिसर में जमकर शराबखोरी होने की बात से इनकार नहीं किया जा सकता। पीडब्ल्यूडी कार्यालय परिसर में रात तक कर्मचारी और ठेकेदारों का आना-जाना लगा रहता है। बताया जाता है कि काम आगे बढ़ाने के लिए कुछ ठेकेदारों द्वारा ही कुछ कर्मचारियों के लिए बीयर की केन और बोतल मंगाई जाती है। इस प्रसाधन का उपयोग लोग काम ही करते हैं। यहां प्रसाधन के भीतर साफ-सफाई का सामान रखने बने छोटे स्टोर रूम में बीयर के खाली केन और खाली बोतल भरी हुई है।

# पिकअप वाहन में मवेशी तस्करी का आरोपी पकड़ाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



धरपकड़ अभियान के तहत पुलिस ने पिकअप वाहन में अवैध रूप से मवेशियों को ले जाने के मामले में आरोपी पर कार्रवाई की है। वाहन से 9 मवेशी बरामद किए गए हैं।

पुलिस के अनुसार लालबाग थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस को 27 अगस्त को रात्रि में मुखबीर से मोबाइल से सूचना मिली कि ग्राम मरेठा नवागांव में कीर्तन साहू के मकान के पास अवैध रूप से एक पिकअप वाहन में मवेशी ठूंस-ठूंस कर भरकर महाराष्ट्र की ओर कत्ल खाना ले जाने की फिराक में है। सूचना पर पुलिस ग्राम मरेठा नवागांव कीर्तन साहू के घर के पास पहुंची, जहां एक पिकअप वाहन जिसमें मवेशी भरा हुआ वाहन सहित गौ रक्षक दल के कुछ व्यक्ति ने पकडकर रखे थे।

#### मवेशी बरामद

आरोपी को उक्त सभी मवेशी ले जाने के संबंध में बिक्रीनामा दस्तावेज, कोई सक्षम अधिकारी से जारी किया गया दस्तावेज एवं मवेशियों को परिवहन के लिए अनुज्ञा पत्र पेश करने हेतु नोटिस दिया गया, जो कि कोई दस्तावेज नहीं होना लिखित में दिया गया। आरोपी के कब्जे से 9 नग मवेशी एवं 1 नग पिकअप वाहन को जब्त किया गया है।

#### फरार आरोपियों की तलाश

पुलिस के अनुसार प्रकरण के अन्य सहयोगी आरोपी मोहम्मद वसीम निवासी डोबी नगर मोनीनपुरा महाराष्ट्र एवं ग्राम मरेठा नवागांव के कीर्तन साहू दोनों मौके से भाग गए हैं। आरोपी का कृत्य धारा पशुक्रूरता अधिनियम का पाए जाने से थाना लालबाग में धारा 4, 6, 10 छग कृषिक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 एवं 11(1)(ट) पशुक्रूरता अधिनियम निवारण 1960 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी मोहम्मद साकिब 35 साल निवासी काम नगर नागपुर महाराष्ट्र को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया एवं प्रकरण के अन्य दोनों फरार आरोपीगण की पता तलाश जारी है। सम्पूर्ण कार्रवाई में निरीक्षक राजेश कुमार साहू, सहायक उपनिरीक्षक अश्विनी यद्दु, ईश्वर यादव, राजकुमार बंजारा, आरक्षक कमल किशोर यादव एवं भवानी विश्वकर्मा की भूमिका सराहनीय रहा है।

# दो पेड़ बहिनी के नाम अभियान के तहत महिलाओं ने रोपे पौधे



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छुरिया ब्लॉक के मासूल में भाई अपने बहिनी के हाथों दो पौधे लगाए गए। इसके लिए भाई पहले से गड्ढा खोदकर रखे थे। साथ ही पौधे की भी व्यवस्था किए थे। हरियाली बहिनी अभियान प्रमुख शिव कुमार देवांगन ने बताया कि जो पौधे बहनें लगाई है, उसे भाई पेड़ बनाएंगे। इसके लिए समय पर खाद-पानी डालते रहेंगे। पिछले वर्ष तीज के अवसर में 1200 केशर आम के पौधे लगाए गए। जिससे भाई उसे पेड़ बनाने में लगे हुए है। आम से जो फल मिलेंगे, उसे तब-तब अपनी बहिन की याद आते रहेंगे। उन्होंने बताया कि इस वर्ष आम के अलावा गुलमोहर के पौधे लगाया जा रहा है, जिसे छाया पेड़ बनाएंगे। जिससे शुद्ध ऑक्सीजन तो मिलेगा ही।

### पवन बने तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ



के सातवें प्रदेश स्तरीय सम्मेलन का आयोजन 24 जुलाई को बिलासपुर स्थित लालबहादुर शास्त्री स्कूल के दीक्षित सभा भवन में किया गया। सम्मेलन में संघ के प्रदेश अध्यक्ष का पद रिक्त होने पर आदिवासी विकास विभाग बिलासपुर में पदस्थ लेखापाल पवन शर्मा को प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। कर्मचारी नेता आनंदकुमार श्रीवास्तव ने बताया कि श्री शर्मा को प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर प्रदेशभर के कर्मचारी वर्ग में हर्ष का माहौल है। उन्होंने विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में संगठन और मजबूत होगा। कर्मचारी साथियों ने भी श्री शर्मा को शुभकामनाएं देते आशा व्यक्त की कि उनके नेतृत्व में संघ कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान की दिशा में और अधिक प्रभावी कार्य करेगा।

# अकबर को भेंट में दी राहुल की पुस्तक

- नांदगांव के नेताओं ने दी जन्मदिन पर शुभकामनाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



राजनांदगांव के पूर्व प्रभारी मंत्री व पूर्व वन मंत्री मोहम्मद अकबर के जन्मदिन पर राजनांदगांव के नेताओं ने उन्हें राहुल गांधी पर लिखी एक पुस्तक भेंट की। बेहद सादगी के साथ जन्मदिन मनाने वाले अकबर ने लेखक दयाशंकर मिश्र की पुस्तक को गहन और विचारोत्तेजक बताया। उन्होंने बधाई देने पहुंचे कांग्रेसी नेताओं को धन्यवाद दिया। तत्पश्चात प्रदेश एवं राजनांदगांव की सियासी स्थिति को लेकर लंबी चर्चा हुई। प्रदेश में संगठन सृजन के तहत पदाधिकारियों के चयन की प्रक्रिया को लेकर भी जानकारी ली। राजनांदगांव की सांगठनिक स्थिति पर भी उन्होंने चर्चा की। इससे पहले अकबर के राजधानी निज निवास में कांग्रेसी नेताओं ने मुलाकात के दौरान संगठन की मौजूदा स्थिति पर लंबी मंत्रणा की।

बताया जा रहा है कि जल्द ही प्रदेश संगठन के माध्यम से ब्लॉक स्तर में नए पदाधिकारी मनोनीत किए जाएंगे। ऐसे में संगठन की स्थिति के मजबूत होने की संभावनाएं बढ़ जाएगी। पूर्व मंत्री अकबर ने राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र के विषय पर भी आवश्यक जानकारी ली। बाद में राहुल गांधी पर आधारित एक पुस्तक अकबर को भेंट दी गई। जिसमें प्रमुख रूप से कवर्धा कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष कन्हैया अग्रवाल, डोंगरगांव नगर पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष वीरेन्द्र बोरकर, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव प्रवीण मेश्राम, संयुक्त सचिव प्रदीप शर्मा तथा पूर्व पार्षद शरद पटेल विशेष रूप से उपस्थित थे।



**राजनांदगांव।** गणेश चतुर्थी के अवसर पर कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे सपरिवार पारंपरिक वेशभूषा में श्री गणेश की प्रतिमा लेने पहुंचे।

# रिसोर्ट संचालकों के विरूद्ध कार्रवाई

**राजनांदगांव।** मनगटा वन चेतना क्षेत्र स्थित रिसोर्ट का पुलिस ने आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान नियमों का पालन नहीं करने वाले रिसोर्ट संचालकों के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई।

पुलिस सूत्रों के अनुसार नगर पुलिस अधीक्षक की आहूत बैठक 3 जून को दिए गए निर्देश में बाहर से डीजे लाकर रिसोर्ट में नहीं बजाने, रिसोर्ट के अंदर नशे का सेवन नहीं करवाने, सभी रिसोर्ट में सीसीटीवी कैमरा एवं लाइट का समुचित व्यवस्था करने, रिसोर्ट में आने-जाने वालों सभी व्यक्तियों का आधार कार्ड व मोबाइल नंबर रजिस्टर में संधारण करने तथा नाबालिग बच्चे-बच्चियों को बिना गार्जियन के रूम नहीं देने एवं किसी प्रकार की अनैतिक गतिविधि करते पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई करने के संबंध में हिदायत दिया गया था।

#### निर्देशों का पालन नहीं, कार्रवाई

पुलिस ने 24 अगस्त को पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में नगर पुलिस अधीक्षक वैशाली जैन व नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक द्वारा वनचेतना केन्द्र मनगटा के आसपास के स्थित सभी रिसोर्ट का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान दिए गए निर्देशों का पालन नहीं करने वाले रिसोर्ट संचालकों व मैनेजरों के विरुद्ध धारा 126, 135(3) बीएनएस के तहत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई किया गया।




# हर्षोल्लास मना तीज महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा वीरांगना और पद्मावत महिला कल्याण समिति राजनांदगांव ने हरितालिका तीज महोत्सव का भव्य आयोजन किया। पारंपरिक परिधानों में सजी महिलाओं, मधुर संगीत की स्वर लहरियों और नृत्य की थिरकन ने समारोह को यादगार बना दिया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व महापौर हेमा देशमुख, समाजसेवी करुणा यादव और डॉ. मधु भदौरिया की उपस्थिति रही। समारोह की शुरूआत डोंगरगढ़ की आराध्या सिंह द्वारा प्रस्तुत मधुर गणेश वंदना से हुई।परिधि, प्रियांशी, आराध्या, अलका और लालसा सिंह ने मनमोहक नृत्य और भजनों की प्रस्तुति दी। राजपूत समाज की महिलाओं ने गीत-संगीत और नृत्य के माध्यम से अपनी सांस्कृतिक विरासत को जीवंत कर दिखाया।

**कुर्सी हथियाने मची होड़** : कार्यक्रम में कुर्सी दौड़ का आयोजन किया गया। जिसमें अतिथियों और प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। हंसी-ठहाकों और उत्साह के बीच यह खेल आनंद का केंद्र बना।



#### जिलेभर की महिलाएं हुई शामिल

आयोजन में शीला सिंह, सुलभा सिंह, आराध्या सिंह, नीलम सिंह, दीपमाला सिंह, सुनीता सिंह, छाया ठाकुर, माधुरी ठाकुर, साधना तिवारी, रचना, मोना गोसाई, मीना यादव, अध्यक्ष सुषमा सिंह, अर्चना सिंह परिहार, कनकलता सिंह, अनामिका गौतम, सुधा पवार, रेखा सिंह, रीना सिंह, रवि चौहान, शशि भदौरिया, संजू सिंह, नीमा राजावत, स्वाति चौहान, प्रभा राजपूत, ममता राठौर, डिम्पल भदौरिया, रश्मि भारद्वाज, निशा सेंगर, चांदनी सिंह, लालसा सिंह, अलका सिंह, नेहा सिंह, पुष्पलता सिंह, लीलावती सिंह, सपना, किरण सिंह, डॉ. सूर्या सिंह, सोम्या राठौर, वंदना सिंह, प्रिया सिंह, प्रियंका सिंह और उनकी टीम का अहम योगदान रहा।






**लोकार्पण:** अटल जी की प्रतिमा का भव्य अनावरण युवा पीढ़ी लेगी जीवन मूल्यो से प्रेरणा

# कवर्धा में अटल परिसर लोकार्पित, डिप्टी सीएम बोले, अटल जी थें राष्ट्र की आत्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माता व भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की मूर्ति का अनावरण किया। मूर्ति का अनावरण उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, सांसद राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र संतोष पाण्डेय सहित अतिथियों ने अटल के तैल चित्र में माल्यार्पण कर किया। अटल परिषर लोकार्पण अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने अटल बिहारी अमर रहे के जयघोष के नारे लगाएं। नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माता, पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी की स्मृति में बस स्टैण्ड के पास 30 लाख रूपए की लागत से अटल परिषर का निर्माण किया गया है, जिसका आज अतिथियों द्वारा अनावरण किया गया है। उन्होनें बताया कि शासन द्वारा अधोसंरचना मद अंतर्गत स्वीकृत राशि 30 लाख रुपए से अटल परिषर में अटल की प्रतिमा का निर्माण हुआ है जहां आकर्षक लाईट डेकोरेशन के साथ-साथ पेडेस्टल, फ्लोर एवं वॉल में आकर्षक ग्रेनाइट पत्थर लगाकर विद्युत से सुसज्जित किया गया है। इस अवसर पर छग कृषक कल्याण बोर्ड अध्यक्ष सुरेश चंद्रवंशी, ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक अशोक साहू, पूर्व विधायक डॉ सियाराम साहू, जिला भाजपाध्यक्ष राजेन्द्र चंद्रवंशी, मोतीराम चंद्रवंशी, ईश्वर साहू, कैलाश चंद्रवंशी, रामकुमार भट्ट, अनिल ठाकुर, सतविंदर पाहुजा सहित अधिक संख्या में भाजपा तथा कार्यकर्तागण उपस्थित थे।






## अटल बिहारी वाजपेयी हम सभी के प्रेरणा स्रोत थेः विजय शर्मा

अटल बिहारी वाजपेयी का मूर्ति अनावरण पश्चात उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने उपस्थित लोगो को संबोधित करते हुए कहा कि आज का दिन, बड़ा ही पवित्र दिन है और आज के दिन में अटल बिहारी वाजपेयी के विभिन्न आयाम जीवन के उन सब को याद करके हम सब यहां उपस्थित है। उन्होनें कहा कि श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी हमारे लिए प्रेरणाश्रोत थे, उनका व्यक्तितव, उनका भाषण, उनका कविताएं सब कुछ मेरे लिए व हम सबके लिए प्रेरणा का श्रोत है। उन्होनें कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माण में उनका योगदान इतिहास में स्वर्णाक्षरों में अंकित है आज हम ऐसे महान व्यक्तित्व को स्मरण कर रहे हैं, जिनकी सोच ने भारत को नई दिशा दी और जिनकी वाणी ने जनमानस के हृदय को छू लिया। अटल केवल एक राजनेता नहीं थे वे भारत की आत्मा के प्रतीक थे। उनका जीवन सिद्धांत, समर्पण और संवेदनशीलता का प्रतिरूप था।

## अटल बचपन से ही राष्ट्रवाद से प्रेरित थेः संतोष पाण्डेय

राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के सांसद संतोष पाण्डेय ने अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा का अनावरण कर उनकी जीवनी पर प्रकाश डालते याद कर नमन किया। उन्होनें कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी के बारे में जितना बोले सब कम है अटल अच्छे राजनेता थे, अच्छे लेखक, संपादक, कवि व सच्चे स्वयं सेवक थे। उन्होने अटल बिहारी के कवर्धा आगमन के बारे में भी विस्तार से बताया। अटल बिहारी वाजपेयी ने भारत के लिए जो कार्य किया, ठीक उसी रास्ते पर भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी चल रहे है, अटल ने जो काम राष्ट्र की सुरक्षा के लिए किया, उसी काम को नरेन्द्र मोदी बढ़ा रहे है। उन्होनें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तारीफ करते हुए कहा कि राष्ट्र की सुरक्षा के लिए किए जा रहे कार्यो को भी बताया। अटल बचपन से ही राष्ट्रवाद से प्रेरित थे। वे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़ गए और वहीं से उनके राजनीतिक जीवन की शुरुआत हुई। 1951 में भारतीय जनसंघ की स्थापना के साथ वे सक्रिय राजनीति में आए।

## अटल बिहारी ने पूरा जीवन देश को समर्पित कियाः चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी

नपाध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने अटल परिसर में अटल बिहारी वाजपेयी की मूर्ति का अनावरण कर कवर्धावासियों को समर्पित किया। उन्होनें अटल बिहारी के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि पं श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पं दीनदयाल उपाध्याय के निधन के बाद जो पं अटल बिहारी वाजपेयी ने जिम्मेदारी संभाली। जिम्मेदारी संभालने के साथ ही उन्होनें संगठन को एक सूत्र में पिराने का काम किया। विपरित परिस्थितियों में साथ रहे। संगठन को मजबूत करने के लिए अथक प्रयास किया। उन्होनें बताया कि अटल बिहारी वाजपेयी ने अपना पूरा जीवन जन संघ के साथ-साथ भाजपा के लिए लगा दिया। शिक्षा की स्तर को बढ़ावा देने के लिए व उनकी गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए सर्व शिक्षा अभियान चालू कर देश को शिक्षा क्षेत्र में मजबूत बनाया। साथ ही संचार क्रांति के साथ गांव-गांव में सड़को का जाल बिछाने का कार्य अटल बिहारी वाजपेयी ने किया। उन्होनें बताया कि उन्नति और प्रगति मार्ग बढ़ाने वाले, अपने जीवन को देश को समर्पित करने वाले अटल बिहारी वाजपेयी को नमन करता हूं। भाजपा की सरकार पूरे छत्तीसगढ़ में अटल परिसर का निर्माण कर अटल जी की मूर्ति का स्थापना करने का कार्य किया जा रहा है।

# चौक-चौराहों व जगह-जगह विराजे गणपति बप्पा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के ग्राम कोलेगांव, बसनी, धनेली, भगतपुर, धनेली, मोहतरा कला, घोरपेंड्री, कुंडा व दामापुर क्षेत्र में बुधवार को गणेश चतुर्थी धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ गणपति बप्पा मोरिया व गाजे बाजे के साथ बाल व युवा गणेशोत्सव समिति द्वारा जगह-जगह व चौक-चौराहो पर श्री गणेश विराजमान हुए। जिस पर कथा में पंडित ने बताया कि एक बार महादेव जी भोगावती नदी पर स्नान करने गए, उनके चले जाने के बाद पार्वती माता ने अपने तन के शुद्ध व चैतनयित मल से छोटे से बालक का एक पुतला बनाया और उसमें प्राण डाले। उसका नाम गणेश रखा। पार्वती माता ने उस बालक से कहा कि तुम द्वार पर बैठ जाओ और जब तक मैं नहा रही हूं किसी को अंदर मत आने देना। नदी में स्नान करने के बाद जब भगवान शिव वहां पहुंचे तो श्री गणेश ने उन्हें द्वार पर ही रोक लिया। शिवजी ने बहुत समझाया पर श्रीगणेश नहीं माने, भगवान शिव वास्तव में क्रोधित हो गए और त्रिशूल का उपयोग करके उसका सिर काटकर भीतर चले गए। बाद में जब माता पार्वती को पता चला कि क्या हुआ तो वह भी बहुत क्रोधित हुई और उन्होंने ब्रम्हांड को नष्ट करने की धमकी दी। उन्हें शांत करने के लिए भगवान शिव ने अपने गणों को सबसे पहले जिस जीव को देखा, उसका सिर लाने के लिए भेजा। गणों ने उत्तर दिशा की ओर लेटे हुए एक हाथी को देखा। उन्होंने हाथी के सिर को लड़के के धड़ पर प्रत्यारोपित किया और उसे पुनर्जीवित कर दिया। तब शिव ने उनका नाम गणों का प्रमुख गणेश रखा। देवताओं ने गणेश को तमाम शक्तियां प्रदान की और प्रथम पूज्य बनाया। यह घटना भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी को हुई थी इसलिए इस तिथि को पुण्य पर्व गणेश चतुर्थी के रूप में मनाया जाता है। गणेश चतुर्थी के दिन यदि आप व्रत रखते हैं और गणेश की कोई विशेष कथा सुनते या पढ़ते हैं तो कहा जाता है कि इससे आपके किए गए बुरे कामों से छुटकारा मिल सकता है और आपका जीवन बेहतर हो सकता है। गणेश चतुर्थी व्रत कथा व्यक्ति की मनोकामनाएं पूर्ण करने वाली और जीवन में सुख समृद्धि लाने वाली बताई गई है। इनका प्रिय भोग मोदक है। कहते हैं कि मोदक के साथ ही साथ उन्हें मोतीचूर के लड्डू बेहद पसंद हैं। गणेश चतुर्थी के दिन प्रात काल स्नानादि करके गणेश की प्रतिमा को सिंदूर चढ़ाकर षोडशोपचार विधि से पूजा करते हैं और दक्षिणा अर्पित करके 21 लड्डुओं का भोग लगाते हैं। इनमें से पांच लड्डू गणेश की प्रतिमा के पास रखकर शेष ब्राह्मणों को दान में देते हैं। श्री गणेश की पूजित प्रतिमा को फिर एक उत्तम मुहूर्त में नदी या तालाब में विसर्जित किया जाता है। इस दिन गणपति पूजन करने से बुद्धि व रिद्धि सिद्धि की प्राप्ति होती है और सभी विघ्न बाधाएं नष्ट हो जाती हैं।



# महिलाओं ने रखा निर्जला व्रत पति के दीर्घायु की कामना की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के ग्राम कोलेगांव सहित आसपास के क्षेत्र में आज भी पुराने परंपरा के अनुसार पारंपरिक रूप से मनाया जाने वाला हरितालिका तीज का त्यौहार मंगलवार को श्रद्धा और आस्था के साथ मनाया गया। वहीं महिलाओं द्वारा अपने पति की लंबी आयु व परिवार के सुख, शांति और समृद्धि की कामना एवं खुशहाली के लिए महिलाओं ने घर और मंदिरों में भगवान शिव-पार्वती के प्रतिमा का विधि विधान से पूजा अर्चना की गई और अपने पति के लम्बी आयु के लिए आशीर्वाद मांगा। महिलाओं में तीज पर्व में शिव मंदिर में भारी भीड़ देखने को मिला। तत्पश्चात गणेश चतुर्थी की सुबह व्रत का पारायण होता है, व्रत पूरा करने के बाद उन्हें उपहार स्वरूप वस्त्र और अन्य सामग्री दी जाती है यह पर्व विशेष रूप से माना जाता है। जिसमें श्रीमती शकुन शंभू शर्मा, श्रीमती नंदनी अंबिका मिश्रा, श्रीमती मंदाकिनी संतोष दुबे, श्रीमती कल्पना प्रवीण दुबे एवं ग्रामीण महिलाएं उपस्थित थें।



# श्री सीताराम रामधुनी हरि संकीर्तन में विजयी मानस मंडली के प्रतिभागी किए गए पुरस्कृत

■ श्री सीताराम हरि संकीर्तन रामधुनी में मानस मंडली ने बढ़ चढ़कर लिया हिस्सा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के ग्राम मोहतरा कला में प्रतिवर्षानुसार की भांति इस वर्ष भी 24 घंटे का श्री सीताराम नाम हरि संकीर्तन रामधुनी का आयोजन किया गया। जिसमें जय मां महामाया बोल बम समिति एवं समस्त ग्रामवासी द्वारा रामधुनी हरि संकीर्तन झुला कार्यक्रम का शुभारंभ 26 व 27 अगस्त को पूरी विधि विधान से पूजा अर्चना कर गांव की सुख, शांति व समृद्धि एवं खुशहाली के लिए श्रीराम चरित मानस का पाठकर ग्रामचार्या द्वारा शुभारंभ किया गया। वहीं पं प्रहलाद तिवारी, जय मां महामाया बोल बम समिति के सदस्य गणों की उपस्थिति में किया गया। इस श्री रामधुनी हरि संकीर्तन कार्यक्रम में आसपास क्षेत्र के श्री हरिकीर्तन मंडलियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। वहीं समापन कार्यक्रम में श्री सीताराम हरि संकीर्तन मंडली को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। जिसमें प्रथम पुरस्कार हरिकीर्तन मंडली घिरगोसा, द्वितीय दरगवां, तृतीय पुरस्कार पसवारा को नरेश चंद्रवंशी गौटिया 8051 रूपए कपिल चंद्रवंशी 5051 रूपए व कलप चन्द्रवंशी गौटिया द्वारा 4051 रूपए तथा सभी श्रीहरि संकीर्तन मंडली को श्री रामचंद्र की फोटो फ्रेम देकर सम्मानित किया गया। इस समापन कार्यक्रम में ग्राम पटेल सुरेश चन्द्रवंशी, नरेश चंद्रवंशी, कपिल चंद्रवंशी, दिनेश चंद्रवंशी, कलप चंद्रवंशी, नीलेश चंद्रवंशी, गीतेश्वर चंद्रवंशी, माखन चंद्रवंशी, मनोज चंद्रवंशी, रमेश चंद्रवंशी, योगेश चंद्रवंशी, जितेंद्र चंद्रवंशी, सोनू चंद्रवंशी, रोहित चंद्रवंशी एवं जय मां महामाया बोल समिति एवं समस्त ग्रामवासी गण उपस्थित थे।



## कुंजल साहू का गुरुकुल पब्लिक स्कूल में चयन



**हरिभूमि कोलेगांव।** पंडरिया विकासखंड के ग्राम सेमरकोना में संचालित संस्कार पब्लिक स्कूल कोलेगांव के कक्षा 6वीं में अध्ययनरत छात्रा कुंजल साहू पिता डॉ दिनेश साहू का चयन छत्तीसगढ़ सरकार के श्रम विभाग के अंतर्गत संचालित अटल उत्कृष्ट शिक्षा सहायता योजना के अंतर्गत कवर्धा शहर के प्रतिष्ठित विद्यालय गुरुकुल पब्लिक स्कूल में हुआ है। छात्रा के पिता ने बताया कि जहां लोग अपने बच्चों को गुरुकुल में पढ़ाने के लिए लाखों रुपए खर्च करते है, वहीं उनकी बेटी को सरकार की योजना के अंतर्गत मुफ्त में हॉस्टल सुविधा के साथ पढ़ने का अवसर प्राप्त हो रहा है। इस सफलता के लिए श्री साहू ने विद्यालय प्राचार्य विजय कुमार वैष्णव और समस्त शिक्षक -शिक्षिकाओं का आभार व्यक्त किया। विद्यालय प्राचार्य एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने कुंजल के उज्जवल भविष्य की कामना की तथा अन्य बच्चों को भी पढ़ाई में सफल होने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय प्राचार्य ने अन्य सभी पालकों को भी श्रम विभाग में पंजीयन कराने हेतु अपील किया ताकि छात्रवृत्ति योजना तथा श्रम विभाग अंतर्गत शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकें।

## निःशुल्क यात्रा और सुविधाजनक व्यवस्थाओं से श्रद्धालुओं को मिला अद्भुत अनुभव



**हरिभूमि कवर्धा।** छत्तीसगढ़ की धरती पर भगवान श्रीराम के प्रति गहरी आस्था और श्रद्धा हमेशा से रही है। अयोध्या धाम में प्रभु श्रीरामलला के भव्य मंदिर के दर्शन करना यहां के श्रद्धालुओं का वर्षों पुराना सपना रहा है। मुख्यमंत्री शविष्णुदेव साय की दूरदर्शिता और संकल्प से शुरू हुई प्रभु श्री रामलला दर्शन योजना ने इस सपने को हकीकत में बदल दिया है। निःशुल्क यात्रा, सुविधाजनक व्यवस्थाओं और अद्भुत आध्यात्मिक अनुभवों के साथ यह योजना प्रदेशवासियों के जीवन में भक्ति और विश्वास का नया अध्याय लिख रही है। इस योजना से छत्तीसगढ़ के हजारों नागरिकों को प्रभु श्रीरामलला के जन्मस्थान के दर्शन करने का लाभ मिल चुका है। इसके तहत जिले के ग्राम पिपरिया निवासी गेंदालाल केशरी को अयोध्या जाकर रामलला के दर्शन करने का अवसर मिला, जो उनके जीवन का अविस्मरणीय क्षण बन गया। जिले के ग्राम पंचायत पिपरिया निवासी गेंदलाल केशरी बताते हैं कि वर्षो पहले जब अयोध्या गया था, तब मंदिर का निर्माण नहीं हुआ था। उसके बाद पता चला कि अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण किया जाएगा। उस समय मन में यही इच्छा हुई थी कि जीवन में एक बार फिर भव्य मंदिर में रामलला के दर्शन अवश्य करूं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार ने मेरी यह इच्छा पूरी कर दी। निःशुल्क यात्रा, भोजन और सभी सुविधाओं के साथ यह अनुभव मेरे जीवन का सबसे पवित्र और यादगार क्षण बन गया। गेंदलाल जैसे हजारों श्रद्धालु आज इस योजना के माध्यम से प्रभु श्रीरामलला के दिव्य दर्शन कर रहे हैं और अपने भीतर नई ऊर्जा व आस्था का संचार महसूस कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ में भगवान श्रीराम के प्रति श्रद्धा का गहरा भाव हमेशा से रहा है। वर्षों से प्रदेश के श्रद्धालुओं के मन में अयोध्या में श्रीरामलला के दर्शन करने का सपना संजोया हुआ था। मुख्यमंत्री श्री साय ने इस भाव को समझते हुए 'रामलला दर्शन योजना' की शुरुआत की, ताकि हर व्यक्ति को बिना किसी आर्थिक बोझ के, निःशुल्क भगवान श्रीराम के दर्शन का सौभाग्य प्राप्त हो सके। योजना के अंतर्गत विशेष ट्रेन के माध्यम से श्रद्धालुओं को अयोध्या धाम और काशी विश्वनाथ मंदिर के दर्शन कराए जा रहे हैं। इस यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को निःशुल्क भोजन, स्वास्थ्य सेवाएं, सुरक्षा और आरामदायक सुविधाएं प्रदान की जाती हैं। इन सभी व्यवस्थाओं ने इस यात्रा को एक अविस्मरणीय अनुभव बना दिया है।

# केला परिपक्व होकर तैयार, किसान कटाई कर बेचने की तैयारियां में जुटे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरबसपुर

शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र में इन दिनों किसानों द्वारा अच्छी व आधुनिक खेती-किसानी अपना कर अच्छी आमदानी अर्जित कर रहे है। बताया जाता है कि किसानों के खेतों में केले की फसल परिपक्व होकर तैयार हो चुकी है। वहीं परिपक्व फसल की कटाई कर अच्छी दाम पर बेचने की तैयारी में जुट चुके है। ग्रामीण किसानों द्वारा परिपक्व हो चुके केले को बाजार ले जाकर अच्छी दामों में पर 15 रूपए किलो ग्राम में बेच रहे हैं तो वही दूसरे ओर पक्का केले को एक दर्जन को 30 रूपए में बेच रहे हैं साथ ही साथ कच्ची केले को सब्जी के रूप में उपयोग किया जाता है और पक्का केले को फल के रूप में तथा धार्मिक व तीज-त्यौहार कार्यक्रम में केले का विशेष महत्व होता है। वहीं व्रत तीज-त्यौहार में ग्रामीण किसान दोगुना लाभ अर्जित कर रहे है। बताया जाता है कि कटाई के बाद गुच्छों की साफ सफाई का ध्यान रखते है ताकि केले खराब न हों और बीमारियां न लगें। वहीं कटाई के बाद केले को सुरक्षित और सही तापमान पर भंडारण करना चाहिए ताकि वे जल्दी खराब न हों और अपनी गुणवत्ता बनाए रखें। केले के बाजार में लगातार वृद्धि हो रही है, इसलिए अगर अच्छी तरह से तैयार किया जाए तो किसान को अच्छा मुनाफा हो सकता है।

# बाल गणेशोत्सव समिति में उमंग व उत्साह छोटी मूर्ति स्थापना के लिए निकली टोली



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिपरिया

शहर सहित अंचल में गणेश उत्सव की धूम रही। वहीं बुधवार सुबह मोहल्ले के छोटे-छोटे बाल गणेशोत्सव समिति भारी उमंग तथा उत्साह के साथ फूल-माला, मिठाई और ढोल व गाजा बाजे की थाप पर नाचते-गाते उत्साह के साथ झुमते हुए श्री गणेश की छोटी प्रतिमा स्थापना को लेकर भारी उत्साह देखा गया। जिसमें गली-मोहल्ला, चौक चौराहों में रंग-बिरंगे झंडे और सजावट से मंडप को सजाया गया। स्थानीय समिति के सदस्यों ने बताया कि इस बार बच्चों को आगे बढ़ाकर यह संदेश दिया जा रहा है कि आने वाली पीढ़ी भी हमारी परंपराओं और संस्कृति से जुड़ी रहे।

स्पाइन ऑपरेशन के बाद जनप्रतिनिधियों ने की शर्मा के स्वास्थ्य लाभ की मंगलकामनाएं

# उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने पत्रकार चंद्रशेखर शर्मा से भेंट-मुलाकात कर जाना स्वास्थ्य का हाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने बुधवार को वरिष्ठ पत्रकार चंद्रशेखर शर्मा के निवास पर पहुंचकर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। ज्ञात हो कि चंद्रशेखर शर्मा लंबे समय से अस्वस्थ चल रहे थे। हाल ही में उनका स्पाइन का सफल ऑपरेशन मुंबई स्थित एक प्रतिष्ठित अस्पताल में हुआ है। चिकित्सकों की सलाह पर वे वर्तमान में बेड रेस्ट कर रहे हैं और स्वास्थ्य लाभ की ओर अग्रसर हैं। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने पत्रकार चंद्रशेखर शर्मा व उनके परिवारजनों से भेंटकर उनके स्वास्थ्य से संबंधित जानकारी साझा की तथा शीघ्र स्वस्थ होने की कामना व्यक्त की। श्री शर्मा के साथ नगरपालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, वरिष्ठ पत्रकार शैलेन्द्र उपाध्याय, श्रीकांत उपाध्याय, महेश मिश्रा सहित नगर के अन्य जनप्रतिनिधि भी उपस्थित थें। सभी ने संयुक्त रूप से चंद्रशेखर शर्मा के उत्तम स्वास्थ्य व शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की मंगलकामनाएं की।



खबर संक्षेप



### गणेश चतुर्थी व जन्मदिन के अवसर पर पौधारोपण

**पंडरिया।** पर्यावरण संरक्षण समिति पंडरिया द्वारा गणेश चतुर्थी के अवसर पर बुधवार को पाड़ी रोड में कदम्ब का एक पौधा रोपित कर लोगों से पौधारोपण कर पर्यावरण को संरक्षित करने के लिए अपील किया गया। साथ ही समिति के सदस्य मुकेश कौशिक, सुनीता कौशिक, विजय कौशिक व शौर्य कौशिक ने जन्मदिन के अवसर पर पाड़ी रोड में पीपल का एक पौधा लगाकर लोगों को पर्यावरण सुरक्षा का संदेश दिया। इस अवसर पर समिति के मोहन राजपूत, अनुराग ठाकुर, मोहन सिंह(राजू), हमीद खान, मुकेश कौशिक, गोविंद रजक, राजीव श्रीवास्तव, कान्हा सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

### बारिश नहीं होने से लगातार बढ़ रही उमस

**कवर्धा।** कवर्धा सहित अंचल में बारिश पर एक बार फिर ब्रेक लग गया है। जिससे लोगों को उमस भरी गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। जहां तक कवर्धा की बात की जाए इन दिनो मौसम साफ नजर आ रहा और सुबह से ही चटक धूप खिल रही है। जिसके चलते लोगों को उमस भरी गर्मी महसूस हो रही है।

**हड़ताल:** कहा मांगें पूरी होने तक जारी रहेगी अनिश्चितकालीन हड़ताल

# एनएचएम कर्मियों की हड़ताल जारी, फूंका संविदा प्रथा पुतला

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

प्रांतीय आव्हान पर नियमितीकरण सहित अपनी 10 सूत्रीय मांगों को लेकर गत 18 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर डंटे प्रदेश सहित जिले भर के एनएचएम कर्मचारियों की हड़ताल 11 दिन भी बदस्तूर जारी रही। एनएचएम कर्मचारियों का आरोप है कि प्रदेश सहित जिले भर के एनएचएम कर्मी लगातार 11 दिनो से अपनी जायज मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे है लेकिन अभी तक शासन-प्रशासन द्वारा इनकी सुध नहीं ली गई है।

शासन-प्रशासन की इस उपेक्षा के चलते इन हड़ताली कर्मियों का असंतोष और ज्यादा बढ़ते जा रहा है और वे अपनी मांगों तथा मोदी की गारंटी के प्रति हड़ताल के दौरान शासन का ध्यान आकर्षित करने लगातार प्रयास कर रहे हैं। इसी कड़ी में जिला मुख्यालय कवर्धा स्थित धरना प्रदर्शन स्थल राजमहल चौक दुर्गा मंदिर पीछे गत मंगलवार को एनएचएम कर्मचारियों ने अपनी दस सूत्रीय मांगों को लेकर संविदा प्रथा का पुतला फूंका और सरकार से संविदा प्रथा बंद कर नियमित करने की मांग की। इस दौरान हड़ताली कर्मचारियों ने अपने हक की आवाज बुलंद करते हुए कहा कि वे वर्षो से संविदा कर्मी के रूप में अल्प वेतनमान में कार्य करते आ रहे हैं। कोरोना जैसी महामारी के दौरान अपनी जान दांव पर लगाकर सेवाएं देने के बाद भी उन्हें उनका हक नहीं मिल रहा है। जबकि इस दौरान वे कई बार शासन से अपनी लंबित दस सूत्रीय मांगों को लेकर अर्जी विनती की जा चुकी है। हड़ताली संविदा एनएचएम कर्मचारियों का आरोप है कि बीते विधानसभा चुनाव के दौरान भारतीय जनता पार्टी ने एनएचएम कर्मचारियों मोदी की गांरटी देकर नियमित किए जाने का भरोसा दिया था लेकिन आज इस गारंटी को भी करीब दो साल होने को आए हैं अभी तक सरकार ने अपनी गांरटी पर कोई निर्णय नहीं लिया है। यही वजह है कि इस बार एनएचएम कर्मचारी अपने की लड़ाई के लिए अनिश्चित हड़ताल पर डंटे हुई और मांगे पूरी होने के बाद ही हड़ताल समाप्त करेंगे।

**जिला मुख्यालय कवर्धा में आज निकालेंगे विशाल तिरंगा यात्रा**




इस समय तीज त्यौहार का दौर चल रहा है लेकिन बावजूद इसके एनएचएम कर्मचारियों के हड़ताली पण्डाल में महिला कर्मियों की संख्या ज्यादा नजर आ रही है और वे अपनी मांगों लेकर लगातार संघर्ष कर रही है। मंगलवार को आयोजित संविदा प्रथा के पुतला दहन कार्यक्रम में महिला कर्मचारियों ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। एनएचएम कर्मचारियों ने बताया कि इसी कड़ी में अब हड़ताल के 11 वे दिन गुरूवार को जिला मुख्यालय कवर्धा में विशाल तिरंगा यात्रा निकालकार शहर भ्रमण किया जाएगा और एनएचएम कर्मचारियों द्वारा अपनी मांगों के प्रति शासन का ध्यान आकृष्ट कराया जाएगा।

# 29 पौवा अवैध शराब जब्त एक आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭कुण्डा

अवैध शराब के खिलाफ कार्यवाही करते हुए कुण्डा पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्त में आए आरोपी के पास से पुलिस ने 29 पौवा अवैध शराब जप्त की है। आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना कुण्डा पुलिस को गत मंगलवार के रोज मुखबिर से पुख्ता सूचना मिली थी कि थाना क्षेत्र के ग्राम प्राणकांपा निवासी मनोज चंद्राकर आयु 25 वर्ष द्वारा अवैध शराब का कारोबार किया जा रहा है। इस सूचना के आधार पर पुलिस ने आरोपी के ठिकाने में दबिस देकर आरोपी को दबोच लिया और उसके कब्जे से 29 पौवा देशी प्लेन मदिरा (5.220 बल्क लीटर), कीमत 2320 जब्त की की है। आरोपी को गिरफ्तार कर धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल किया गया है। पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के सख्त निर्देश पर जिलेभर में अपराध, अवैध शराब, जुआ और सट्टे पर शिकंजा कसने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र बघेल एवं पंकज पटेल तथा एसडीओपी पंडरिया भूपत सिंह धनेश्री के मार्गदर्शन में थाना कुण्डा प्रभारी महेश प्रधान ने यह कार्रवाई की। थाना कुण्डा पुलिस ने स्पष्ट किया कि यह केवल शुरुआत है। अवैध शराब कारोबार से जुड़े किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस लगातार ऐसे कारोबारियों पर नजर रख रही है और धरपकड़ की कार्रवाई जारी रहेगी। एसपी धर्मेन्द्र सिंह ने जिलेवासियों से अपील की है कि अवैध शराब, जुआ और सट्टे जैसे अपराधों की सूचना पुलिस को दें। उनका कहना है कि इस तरह के अपराध न केवल कानून व्यवस्था बिगाड़ते हैं बल्कि युवा पीढ़ी के भविष्य के लिए भी गंभीर खतरा हैं। जिला पुलिस ने साफ चेतावनी दी है कि अवैध कारोबार से जुड़े नेटवर्क को पूरी तरह खत्म किया जाएगा और अपराधियों को किसी भी स्तर पर ढील नहीं दी जाएगी।



# गर्भवती महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

## परिजनों ने ससुराल पक्ष पर लगाए आरोप



■ मृतका के परिजनो ने कहा पति करता था बेटी को प्रताड़ित

हरिभूमि न्यूज ⏭बोड़ला

जिले के बोड़ला थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम पालक में एक गर्भवती महिला की संदिग्ध मौत का मामला सामने आया है। मृतका के मायके पक्ष का आरोप है कि उसे ससुराल पक्ष और पति द्वारा प्रताड़ित किया जा रहा था और इसी बीच उनकी बेटी के मौत हुई है।

मृतका के माता-पिता ने पुलिस प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्यवाही किए जाने की मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर पंचायत पाण्डातराई की रहने वाली संजना यादव पति यशवंत यादव आयु 23 वर्ष अपने परिवार के साथ जीवनयापन करने मवेशी को लेकर पिछले कुछ समय से बोड़ला थाना क्षेत्र के ग्राम पालक में रह रही थी। बताया जाता है कि इसी दौरान गत मंगलवार को अचानक संजना यादव की तबीयत बिगड़ गई।

जिसकी जानकारी मिलने के बाद संजना के भाई लोकेश यादव ने इसकी सूचना बोड़ला थाना डायल 112 टीम को दी और उसे डॉयल 112 की मदद से उपचार के लिए बोड़ला सामुदायिक केन्द्र लाया गया। जहां चिकित्सकों ने संजना यादव को मृत घोषित कर दिया।

संजना की मौत पर उसके मायके पक्ष ने आरोप लगाया है कि संजना को उसके ससुराल पक्ष तथा पति द्वारा प्रताड़ित किया जाता था और इसी बीच उसकी मौत हो गई। उन्होने पुलिस प्रशासन से इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराए जाने तथा दोषियों के खिलाफ कार्यवाही किए जाने की मांग की है। यहां बताना लाजिमी होगा कि संजना गर्भवती थी और पहले से उसके दो छोटे-छोटे बच्चे भी हैं जिनकी उम्र ढाई से तीन वर्ष की बताई जा रही है। बहरहाल अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि संजना की मौत किस वजह से हुई। अस्पताल प्रशासन से सूचना मिलने के बाद बोड़ला पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है और अब मामले की विवेचना की जा रही है।

### मामले की जांच में जुटी पुलिस

महिला की मौत मंगलवार को ही हो गई थी, जिसे देरशाम मृतका के भाई द्वारा डॉयल 112 की मदद से ईलाज की मंशा से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बोड़ला लाया गया था लेकिन डाक्टरो ने उसे मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद घटना की जानकारी बोड़ला पुलिस को दी गई। लेकिन मंलवार को मृतका का पीएम नहीं हो गया। वहीं बुधवार की सुबह तहसीलदार और पुलिस टीम के समक्ष पंचनामा तैयार करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराया गया। इस संबंध में बोड़ला पुलिस के जांच अधिकारी गोविंद चंद्रवंशी ने बताया कि मृतक महिला का मायका बोड़ला थाना क्षेत्र के ग्राम मारियाटोला में है जिसका विवाह पांडातराई निवासी यशवत यादव हुआ था। पिछले कुछ दिनो से वह ग्राम पालक में अपने पति के साथ रह रही थी। इसी दौरान उसकी संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हुई। पुलिस ने मृतका पीएम कराकर शव मृतका के परिजनो को सौंप दिया है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्यवाही की जाएगी।

# उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

## धिकुड़िया को राजस्व ग्राम बनाने की मांग की, दिए आवश्यक दिशा निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा ने बुधवार को कवर्धा प्रवास के दौरान कवर्धा विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों से आत्मीय मुलाकात की। इस अवसर पर उन्होंने ग्रामीणों से सीधे संवाद करते हुए उनकी समस्याओं और मांगों को गंभीरता से सुना तथा प्राथमिकता के आधार पर समाधान का भरोसा दिलाया।

उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश का चहुमुखी विकास किया जा रहा है। राज्य सरकार की मंशा है कि गाँव-गरीब-किसान की समस्याओं का त्वरित समाधान हो और शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँचे। उन्होंने ग्रामीणों की मांगों पर तुरंत कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए संबंधित जिला अधिकारियों को निर्देशित किया। भेंट-मुलाकात कार्यक्रम में लोहारा से पिपरिया क्षेत्र तक के ग्रामीण पहुंचे। इस दौरान ग्राम धमकी के ग्रामीणों ने उपमुख्यंत्री श्री शर्मा से विशेष आग्रह करते हुए कहा कि ग्राम धमकी राजस्व ग्राम बड़ा है। इस ग्राम के मोहल्ला धिकुड़िया को पृथक राजस्व ग्राम पंचायत बनाया जा सकता है। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने इस मांग को गंभीरता से लेते हुए अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। ग्रामीणों ने इसके अलावा सड़कों की मरम्मत, पेयजल सुविधा, स्वास्थ्य सेवाओं और शिक्षा से जुड़ी कई समस्याएं भी रखीं।

इस दौरान क्षेत्र के जनप्रतिनिधियो ने क्षेत्र, ग्राम पंचायतों में आयोजित सामाजिक, धार्मिक आयोजनों में शामिल होने के लिए आमंत्रण भी दिया। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार घोषणाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि जमीन स्तर पर काम करके हर समस्या का समाधान सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है और सरकार इस दिशा में काम भी कर रही है।



# महतारी वंदन योजना से सरोज बनीं आत्मनिर्भर, इस वर्ष तीज का पर्व बना खास

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

कबीरधाम जिले के ग्राम चिमरा की महिला श्रीमती सरोज साहू के जीवन में इस बार तीज का त्यौहार खास बन गया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार की महतारी वंदन योजना से उन्हें हर महीने सीधे खाते में आर्थिक सहायता मिल रही है, जिसके कारण वे आज आत्मनिर्भर बन चुकी हैं। कुछ समय पहले तक सरोज को घर के छोटे-छोटे खर्चों के लिए भी अपने पति से पैसे मांगने पड़ते थे। गांव की यात्रा हो या बच्चों की पढ़ाई के लिए जरूरी खर्च, हर बार उन्हें इंतजार करना पड़ता था। लेकिन जब से मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार ने महतारी वंदन योजना शुरू की, उनकी जिंदगी बदल गई। अब राशि सीधे उनके खाते में आती है, जिससे वे बिना किसी झिझक के अपनी जरूरतें पूरी कर पा रही हैं। श्रीमती सरोज साहू इस तीज पर खास खुशी से झूम रही हैं। कुछ समय पहले तक तीज का त्यौहार उनके लिए केवल घर-परिवार तक सीमित था, लेकिन महतारी वंदन की राशि से इस बार उन्होंने तीज के अवसर पर अपने लिए श्रृंगार का सामान, मायके वालों के लिए मिठाई, और बच्चों के लिए चॉकलेट खरीदी है। सरोज बताती हैं कि अब मैं न केवल मायके जा रही हूँ, बल्कि अपने परिवार के लिए कुछ खास ले जाने की खुशी भी है।



# राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन 29 अगस्त को

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

स्व. मेजर ध्यानचंदजी के जन्म दिवस के अवसर पर खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष 29 अगस्त 2025 को राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर आऊटडोर स्टेडियम कवर्धा में राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन किया जाएगा। जिला खेल अधिकारी ने राष्ट्रीय खेल दिवस में जिले के खेल संघ के पदाधिकारीगण, खिलाड़ियों तथा जिला मुख्यालय के समस्त स्कूल, कॉलेज के विद्यार्थियों को राष्ट्रीय खेल दिवस में सम्मिलित होकर आयोजन को सफल बनाने आग्रह किया है। जिला खेल अधिकारी ने बताया कि 29 अगस्त से 31 अगस्त तक सभी कैटेगिरी के लिए रस्साकस्सी, 50 मीटर बोरी दौड़, योग क्रिकेट, स्थानीय खेल यथा पिट्ठूल, कब्बडी, खो-खो, व्हॉलीबॉल, रस्सीकूद खेल शामिल है। इसी तरह वरिष्ठ नागरिकों के लिए 300 मीटर तेज चाल, 01 किलोमीटर पैदल चाल, योग, श्वास व्यायाम, सामान्य व्यायाम, शतरंज सहित अन्य खेलों का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रथम एवं द्वितीय खिलाड़ियों को पुरूस्कार वितरण किया जाएगा।

**भक्तिभाव के साथ प्रारंभ हुआ गणेशोत्सव, पूरे दिन से लेकर देरशाम तक होते रही स्थापना**

# गणेश चतुर्थी पर कवर्धा सहित समूचे अंचल में विराजे भगवान गणेश

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

गणेश चतुर्थी के साथ ही अंचल में भगवान गणेश की भक्ति प्रारंभ हो गई है। अंचल की छोटी-बड़ी गणेश उत्सव समितियों द्वारा बुधवार को गणेश चतुर्थी के दिन मूर्तिकारों के पास से भगवान गणेश की विभिन्न रंगरूप की प्रतिमाएं खरीदकर पंडालों में विधिवत पूजा अर्चना कर स्थापित की गई हैं। वहीं कुछ बड़ी समितियों द्वारा आर्डर पर बनवाई जा रही विशाल गणेश प्रतिमाओं को मूर्तिकारों द्वारा अभी भी अंतिम रूप दिया जा रहा है। ऐसी स्थिति में इन समितियों द्वारा अपने पंडालों में गणेश चतुर्थी के मुहुर्त को ध्यान में रखते हुए छोटी प्रतिमाएं स्थापित कर दी गई हैं। ज्ञातव्य हो कि कवर्धा नगर सहित आसपास के अंचलों में गणेश उत्सव धूमधाम से मनाया जाता है। कवर्धा नगर में ही दर्जनों छोटी-बड़ी गणेश उत्सव समिति द्वारा चौक-चौराहों, गली-मोहल्लों में भगवान गणेश की प्रतिमाएं स्थापित की जाती है। इन समितियों द्वारा उत्सव के अंतिम दिनों में पंडाल को आकर्षक ढंग से सजाया जाता है। कुछ गणेश भक्त अपने-अपने घरों में भी भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित करते हैं। नगर व आसपास के क्षेत्रों में बड़ी संख्या में गणेश प्रतिमाएं स्थापित किए जाने के कारण बुधवार को नगर के मूर्तिकारों के यहां प्रतिमाएं खरीदने वालों की भारी भीड़ देखी गई। समितियों के पदाधिकारी व दूसरे गणेश भक्त अपने-अपने साधनों से भगवान गणेश की प्रतिमा पंडाल तक ले जाते देखे गए। इस मौके पर बच्चों का उत्साह देखते ही बन रहा था। बच्चों की टोली हांथ ठेला, रिक्शा, मोटर सायकिल सहित दूसरे साधनों में छोटी-छोटी गणेश प्रतिमाएं रखकर और गणपति बप्पा मोरिया, एक-दो-तीन चार गणेश जी की जय जयकार का जयघोष करते हुए भगवान गणेश को स्थापना स्थल तक ले गए। जहां उन्होंने विधि-विधान से भगवान गणेश की स्थापना कराई। हांलाकि अभी समितियों द्वारा पंडालों में कोई विशेष साज-सज्जा नहीं की गई है। लेकिन फिर भी मौसम को देखते हुए पंडालों को विशेष तौर पर वाटर प्रूफ बनाया गया है। कुल मिलाकर पूरे अंचल में गणेश चतुर्थी के साथ गणेश उत्सव प्रारंभ हो गया है और गणेश भक्त गणेश की भक्ति में डूब गए हैं।



# पुलिस व 17वीं बटालियन सीएएफ को मिले नए वाहन

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय तथा उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा के विशेष प्रयासों से प्रदेश की पुलिस को आधुनिक और सक्षम बनाने के उद्देश्य से नए वाहन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इसी क्रम में कबीरधाम पुलिस को 12 नई बोलेरो गाड़ियां 5 पेट्रोलिंग मोटरसाइकिलें, 2 बड़ी बसें, 1 छोटी बस और 1 यूटिलिटी वाहन प्राप्त हुए हैं। साथ ही, 17वीं बटालियन, छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल, कबीरधाम को भी 3 नई बोलेरो गाडियां प्रदान की गई हैं। गत मंगलवार को नया पुलिस लाइन परिसर में आयोजित कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह एवं कमलेश्वर चंदेल, सेनानी 17वीं वाहिनी ने जिले के विभिन्न थानों एवं राजपत्रित अधिकारियों को वाहनों के आवंटन आदेश और चाबियां सौंपीं। इस अवसर पर 17वीं बटालियन सीएएफ के लिए भी वाहनों की चाबियाँ औपचारिक रूप से प्रदान की गईं। पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि इन नए वाहनों के मिलने से गश्त व्यवस्था सुदृढ़ होगी, अपराध नियंत्रण की क्षमता बढ़ेगी, आपात स्थितियों में त्वरित कार्रवाई संभव होगी तथा शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में पुलिस की पहुंच और अधिक प्रभावी होगी। 17वीं बटालियन के सेनानी श्री चंदेल ने कहा कि इन नए वाहनों से बल की परिचालन क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि आधुनिक साधनों के सहयोग से बल किसी भी चुनौती का सामना करने में और अधिक सक्षम होगा तथा दूरस्थ और संवेदनशील क्षेत्रों में भी त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सकेगी। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल एवं पंकज पटेल, 17वीं बटालियन के डिप्टी कमांडेंट प्रमोद गुप्ता, जिले के सभी डीएसपी, थाना प्रभारी, रक्षित निरीक्षक और एमटीओ उपस्थित रहे।

